दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। बुधवार 10 दिसम्बर -2025 ● वर्ष : 10 अंक : 352 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## गोवा अग्निकांड में सावंत सरकार का एक्शन

# नाइट क्लब को 'पीले पंजे' ने दबोचा

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब में लगी भीषण आग के बाद सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने नाइट क्लब को जमीदोंज करने का आदेश दे दिया है। लूथरा ब्रदर्स के रोमिया लेन बीच क्लब पर जल्द ही बुलडोजर चलाया जा सकता है।




गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने नाइट क्लब को गिराने का आदेश जारी किया है। बीते दिन पुलिस ने क्लब के दोनों मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा के खिलाफ इंटरपोल का नोटिस जारी किया था।

गोवा अग्निकांड के बाद क्लब के दोनों मालिक दिल्ली के रास्ते थाईलैंड भाग गए हैं। अब उनका नाम इंटरपोल की लिस्ट में आ चुका है। पुलिस उन्हें भारत वापस लाने की कोशिश में लगी है।

**मुख्यमंत्री कार्यालय ने दिया आदेश :** गोवा के मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, इंटरपोल ने लूथरा भाईयों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। सीएम सावंत ने उत्तरी गोवा जिले के प्रशासन को आदेश दिया है कि नाइट क्लब को ध्वस्त कर दिया जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, नाइट क्लब को सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से बनाया गया है। इसे मंगलवार को धराशायी कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी मशीनें तैयार कर ली हैं।

**25 लोगों की हुई थी मौत :** गोवा अग्निकांड में 5 पर्यटकों समेत 25 लोगों की जान चली गई। इलेक्ट्रिक पटाखों से निकली चिंगारी ने क्लब की छत पर लगी लकड़ी की सीलिंग के संपर्क में आते ही विकराल रूप धारण कर लिया। कई लोग जान बचाने के लिए बेसमेंट में भागे, जहां वेंटीलेशन की कोई सुविधा नहीं थी। ऐसे में 21 लोगों की दम घुटने के कारण मौत हो गई।

**पुलिस ने लिया एक्शन :** अग्निकांड के बाद गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सख्त जांच के आदेश दिए हैं। ऐसे में गोवा पुलिस ने कई आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। मगर, क्लब के मालिक देश से भाग निकले हैं, जिन्हें वापस लाने की

शेष, पृष्ठ 2

# राजा वर्मा की शिकायत के बाद दुबई में रह रही दो वोट हुई लिस्ट में कैंसिल

## फर्जी हस्ताक्षर कर इन वोटों को मतदाता सूची में शामिल कराने वालों पर हुई कार्रवाई

#आप इस फॉर्म को ऑनलाइन राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल (National Voters' Service Portal) पर भर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं।

#वैकल्पिक रूप से, आप भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड करके, दो प्रतियों में भरकर और आवश्यक दस्तावेज़ संलग्न करके संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ERO) को डाक द्वारा भेज सकते हैं या व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं।

#आवश्यक दस्तावेज़: फॉर्म के साथ हाल ही की पासपोर्ट आकार की रंगीन तस्वीर, पासपोर्ट के संबंधित पन्नों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी (जिसमें आपकी तस्वीर, भारत का पता और अन्य विवरण हों), और वैध वीज़ा पृष्ठांकन वाले पासपोर्ट के पेज की फोटोकॉपी संलग्न करनी होती है।

मतदान प्रक्रिया: एक बार पंजीकृत होने के बाद, प्रवासी मतदाता मतदान के दिन अपने मूल पासपोर्ट के साथ मतदान केंद्र पर स्वयं उपस्थित होकर ही मतदान कर सकते हैं (उन्हें EPIC या वोटर आईडी कार्ड जारी नहीं किया जाता है)

यह सुनिश्चित करें कि फॉर्म में दी गई सभी जानकारी आपके वैध भारतीय पासपोर्ट में दी गई जानकारी से मेल खाती हो।

रामपुर के जिलाधिकारी द्वारा दुबई व कुवैत में रह रहे दो मुस्लिम भाइयों के खिलाफ की गई FIR नियम विरुद्ध नहीं की गई अलबत्ता मुस्लिम समाज में कुछ विपक्ष के लोगों द्वारा भ्रांतियां फैलाई जा रही है चुनाव आयोग द्वारा जो नियम है उसे समझने और पढ़ने की आवश्यकता हे

#विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों (प्रवासी भारतीय या NRI) को फॉर्म 6A (Form 6A) भरकर चुनाव आयोग को देना होता है, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।
'SIR' का मतलब स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (Special Intensive Revision - विशेष गहन पुनरीक्षण) है, जो मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा चलाया जाने वाला एक अभियान है। इस अभियान के तहत, विदेश में रहने वाले भारतीय अपने नाम को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म 6A का उपयोग करते
#फॉर्म 6A के बारे में मुख्य जानकारी:

कौन भर सकता है: कोई भी भारतीय नागरिक जो विदेश में रह रहा है और जिसने किसी अन्य देश की नागरिकता हासिल नहीं की है, वह फॉर्म 6A भरने के योग्य है।
कैसे भरें:

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान चल रहा है और इस अभियान को लेकर पहले ही कहा गया था कि कुछ विशेष जिलों और कुछ विशेष स्थानों पर गड़बड़ी पाई जायेगी। भाजपा के सामने एक चुनौती ये है कि इसमें मतदाताओं ने रूचि उतनी नहीं ली है जितनी अपेक्षित थी और बीएलओ उनके घर गये तो फार्म जरूर ले लिये गये लेकिन बड़ी संख्या में ये फार्म लौटकर आये ही नहीं। वहीं दूसरी तरफ इस मामले में एक वर्ग ऐसा भी है जो इस अभियान को लेकर ओवर एक्टिव है। उन्होंने उन वोटों को भी वोटर लिस्ट में एक्टिव रखा है जो देश में ही नहीं रहते। एसआईआर अभियान के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा रामपुर जिले के भाजपा प्रभारी राजा वर्मा ने वोटर लिस्ट में एक ऐसी ही गड़बड़ी पकड़ी। उन्होंने तत्काल प्रभाव से जिलाधिकारी को इसकी सूचना दी और कार्रवाई के लिए कहा। एसआईआर अभियान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी यानी रामपुर के डीएम ने तत्काल इस मामले में जांच कराई और दो लोगों के लिए एफआईआर दर्ज के आदेश दिये। ये दो लोग ऐसे थे जो वर्तमान में दुबई और कुवैत में रह रहे हैं। इन दोनों के खिलाफ ये पाया गया कि ये यहां नहीं रहते हैं लेकिन एक महिला ने बीएलओ को ये बताया कि ये रहते हैं और इनके फर्जी हस्ताक्षर कर फार्म भी दे दिया। लेकिन जब इस पूरे मामले की जांच हुई तो ये पूरा फर्जीवाड़ा सामने आया। इस पूरे मामले के बाद हंगामा मच गया।

### रूल इज रूल और वो दे रहे हैं इसे बिना मतलब का तूल : राजा वर्मा




करंट क्राइम। इस पूरे फजीवाड़े का खुलासा करने वाले भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष तथा रामपुर जिले के प्रभारी राजा वर्मा ने कहा कि सिर्फ इतनी सी बात है कि अगर कोई व्यक्ति विदेश में रह रहा है और उसकी नागरिकता भारत की है तो उसे फार्म 6ए भरकर चुनाव आयोग को देना होता है। इस फार्म में पासपोर्ट की डिटेल देना जरूरी है। जबकि जिन दो लोगों की ये डिटेल पकड़ी गई है उन्होंने अपने पासपोर्ट की कोई डिटेल उस फार्म में नहीं दी और उनकी बहन ने वोट बनवा दी। जिस महिला ने फार्म पर हस्ताक्षर किये, उस महिला ने मिलने से ही इंकार कर दिया। हमने इस मामले की विधिवत शिकायत की, जिसके बाद मुस्लिम समाज और विपक्ष के कुछ नेता भ्रान्ति फैला रहे हैं और इस मामले को बिना मतलब तूल दे रहे हैं। जबकि हमारा कहना है कि रूल इज रूल और चुनाव आयोग द्वारा जो नियम बनाये गये हैं उसे समझने और पढ़ने की आवश्यकता है। कानून से बड़ा देश में कुछ नहीं है और हमारा यही कहना है कि इस मामले में कुछ लोग अनावश्यक राजनीति ना करें।

### क्या है फार्म-6ए और क्यों ये भरा जाता है

करंट क्राइम। फार्म-6ए ऑनलाईन राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल पर आप भर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। वैकल्पिक रूप से इसे भारत निर्वाचक आयोग की वेबसाईड से डाउनलोड करके दो प्रतियों में भरकर और आवश्यक दस्तावेज संलग्न करके सम्बन्धित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी को डाक द्वारा भेज सकते हैं। इसे व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं। इसमें आवश्यक दस्तावेजों में फार्म के साथ हाल ही की पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो, पासपोर्ट से सम्बन्धित पन्नों की सेल्फ अटेस्ट फोटोकापी, जिसमें आपकी तस्वीर, भारत का पता और अन्य विवरण हों। इसके साथ वैध वीजा पृष्ठांकन वाले पासपोर्ट के पेज की फोटोकॉपी भी अटैच करनी होती है। एक बार पंजीकृत होने के बाद प्रवासी मतदाता मतदान के दिन अपने मूल पासपोर्ट के साथ मतदान केन्द्र पर स्वयं उपस्थित होकर ही मतदान कर सकते हैं। उन्हें ईपीआईसी या वोटर आईडी कार्ड जारी नहीं किया जाता है। विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों को फार्म-6ए भरकर चुनाव आयोग को देना होता है ताकि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

## ऑपरेशन कन्विक्शन : मोदीनगर हत्याकांड में दो महिला अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मोदीनगर थानाक्षेत्र में दर्ज नाबालिग बच्चे की हत्या के सनसनीखेज मामले में दो महिला अभियुक्तों को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह निर्णय पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल की प्रभावी कार्रवाई और मजबूत पैरवी का परिणाम है। मामले की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने गंभीरता से की थी। उन्होंने मौके के साक्ष्यों, घटनाक्रम और फोरेंसिक तथ्यों को सुसंगत रूप से तैयार कर अदालत में प्रस्तुत करने हेतु विस्तृत जांच की। वहीं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ममता गौतम ने न्यायालय में प्रभावी ढंग से पैरवी करते हुए अभियुक्ताओं के विरुद्ध कठोर सजा सुनिश्चित कराई। मुकदमा 16 अक्टूबर 2023 को दर्ज हुआ था, जिसमें अभियुक्ताए रेखा निवासी पीली कोठी, गोविंदपुरी, पूनम निवासी सदामापुरी पर नाबालिग लड़के की हत्या कर शव को गटर में छिपाने का गंभीर आरोप था। घटना से क्षेत्र में गहरा आक्रोश फैला था।





माननीय अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-12, गाजियाबाद ने मंगलवार को अपने निर्णय में दोनों अभियुक्ताओं को धारा 302/34 आईपीसी में आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 201/34 में तीन वर्ष के कारावास व 5-5 हजार रुपये अर्थदंड, से दंडित किया।

कमिश्नरेट पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गंभीर अपराधों में अधिकतम दंड दिलाना उनकी प्राथमिकता है और यह फैसला उस अभियान की एक बड़ी सफलता है।

# एनडीआरएफ की टीम ने श्रीलंका में 144 लोगों की बचाई जान

## 1800 लोगों तक पहुंचाई मदद, 80 एनडीआरएफ सदस्यों ने संभाला था मोर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ की विशेष टीम श्रीलंका में चलाए गए मानवीय राहत अभियान ऑप्स सागर बंधु को सफलतापूर्वक पूरा कर भारत लौट आई। गाजियाबाद स्थित एनडीआरएफ टीम को कमाण्डेंट प्रवीण कुमार तिवारी के नेतृत्व में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य के लिए तैनात किया गया था। अभियान के दौरान टीम ने 66 लोगों को जीवित रेस्क्यू किया और 78 लोगों को बाढ़ से घिरे इलाकों से सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। इस प्रकार कुल 144 नागरिकों की जान बचाई गई। इनमें दृष्टिहीन वृद्ध, गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु, बुजुर्ग और कई परिवार शामिल थे। टीम ने कई पशुओं को भी सुरक्षित निकाला और 2 शवों को सम्मानपूर्वक बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सौंपा।






इसके अलावा, टीम ने लगभग 1800 लोगों तक भोजन, राशन और स्वच्छ पेयजल पहुंचाया। बाढ़ से दूषित जलकूपों की सफाई कर उन्हें पुनः पेयजल योग्य बनाया, जिससे ग्रामीण आबादी को बड़ी राहत मिली। टीम के पेशेवर कौशल, अनुशासन और त्वरित कार्रवाई की श्रीलंका के प्रशासन एवं नागरिकों ने विशेष सराहना की। भारत लौटने पर महानिदेशक एनडीआरएफ पीयूष आनंद, आईपीएस ने टीम को बधाई देते हुए महानिदेशक पदक और प्रशंसा पत्र से सम्मानित करने की घोषणा की।

## प्रान्तीय परिषद सदस्य बने गाजियाबाद के ये चेहरे

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में प्रदीप, प्रीति और देवेन्द्र करेंगे वोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव जनता का हो या संगठन का, भाजपा की अपनी एक परम्परा है। एक राजनीतिक दल के रूप में भाजपा लोकतान्त्रिक मूल्यों में विश्वास रखती है। यहां कौन चुनाव लड़ेगा, इसका फैसला बोर्ड मीटिंग में होता है और प्रदेश अध्यक्ष कौन बनेगा, इसके लिए बाकायदा परिषद बनती है। परिषद के सदस्य वोट देते हैं और फिर तय होता है कि कौन प्रदेश अध्यक्ष बनेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी में जो चेहरे प्रान्तीय परिषद के सदस्य रहेंगे उनमें गाजियाबाद के चेहरों को भी स्थान मिला है। मुरादनगर विधानसभा से भाजपा के पूर्व पार्षद क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा और सफाई कर्मचारी प्रदीप चौहान को प्रान्तीय परिषद का सदस्य बनाया गया है। प्रदीप चौहान पुराने भाजपा कार्यकर्ता हैं और एक तरह से वो मूल भाजपाई हैं।



जुझारू तेवरों के लिए जाने जाते हैं और संगठन के प्रति समर्पित चेहरा हैं। इसी तरह शहर विधानसभा से भाजपा की महिला नेता प्रीति चन्द्रा राय को चुना गया है। प्रीति चन्द्रा भाजपा की कार्यकर्ता हैं और कई पदों पर रह चुकी है। क्षेत्रीय टीम में रही हैं। सबसे बड़ी बात है कि वो समाजिक मुद्दों पर एक्टिव रहती हैं और जनता के बीच रहकर काम करती है। उन्हें शहर विधानसभा से प्रान्तीय परिषद सदस्य के लिए चुना गया है। साहिबाबाद विधानसभा के लिए भाजपा नेता देवेन्द्र गिरी को प्रान्तीय परिषद सदस्य बनाया गया है। लोनी विधानसभा से भाजपा की प्रीति जैन और मोदीनगर से मनोज नारायण शास्त्री को चुना गया है। इसके अलावा अशोक माहेश्वरी को भी प्रान्तीय परिषद सदस्य बनाये गये हैं। संगठन का चुनाव होना है और बताया ये जा रहा है कि वर्ष 2025 में ही संगठन का ये चुनाव हो जायेगा। इसमें प्रदेश अध्यक्ष को चुना जायेगा। ये सभी चेहरे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदान करेंगे। भाजपा की दृष्टि से देखा जाये तो उसने इन चेहरों को प्रान्तीय परिषद का सदस्य बनाकर इन चेहरों का मान सम्मान बढाया है। एक संदेश ये भी दिया है कि यहां मूल कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है और ऐसा नहीं है कि शीर्ष नेतृत्व की नजर उन पर नहीं है।

## पुलिस कमिश्नरेट के 19 थाने आईजीआरएस रैंकिंग में आए टॉप

# खोड़ा, लोनी, क्रॉसिंग रिपब्लिक और कौशांबी रहे बेस्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमिश्नर बदलने के बाद पुलिस की वर्किंग और वर्किंग स्टाइल में बदलाव देखने को मिल रहा है। तो वहीं नतीजा है कि प्रदेश वाली आइजीआरएस पोर्टल रिपोर्ट में गाजियाबाद की ना सिर्फ रैंकिंग सुधरी है बल्कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शासन स्तर से जो रैंकिंग जारी की जाती है, उसमें नवंबर माह वाली लिस्ट में गाजियाबाद के 19 थानों की रैंकिंग टॉप पर आई है, यानी उन्हें 100 में से 100% अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय की मॉनिटरिंग में भी गाजियाबाद पुलिस की प्रशंसा की गई है। तो शासन स्तर पर भी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की आईजीआरएस रैंकिंग का फीडबैक बेहतर हुआ है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड जिस तरीके से जनता से मुलाकात करते हैं। सीधे संवाद कार्यक्रम आयोजित करते हैं और हयूमन पुलिसिंग की लगातार वर्किंग चल रही है, उससे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

जन शिकायत सेवा (IGRS)



तो वहीं जिस तरीके से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और गाजियाबाद पुलिस की जनसुनवाई बेहतर हुई है, उससे भी गाजियाबाद की आईजीआरएस रैंकिंग में सुधार हुआ है।

### इन 19 थानों की रैंकिंग रही नंबर वन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वर्ष 2025 नवंबर में थाना खोड़ा, लोनी, मोदीनगर, क्रॉसिंग रिपब्लिक, अंकुर विहार, टीलामोड़, सिहानी गेट, घंटाघर कोतवाली, महिला थाना, मुरादनगर, विजयनगर, ट्रोनिका सिटी, साहिबाबाद, मसूरी, लोनी बॉर्डर, भोजपुर, शालीमार गार्डन, कौशांबी और निवाड़ी यह 19 थाने हैं, जिनको आईजीआरएस रैंकिंग नवंबर माह में 100 में 100 अंक मिले हैं यानी उनकी रैंक नंबर वन रही है।

### बॉटम सिक्स में मधुबन बापूधाम और लिंक रोड का नाम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जो आईजीआरएस रिपोर्ट आई है इसमें 19 थाने जहां टॉप वर्किंग में रहे हैं, तो छह ऐसे थानों की रिपोर्ट बॉटम सिक्स में आई है, जिनको वर्किंग व जनसुनवाई में सुधार की जरूरत है। इसमें मधुबन बापूधाम थाना, नंदग्राम, इंदिरापुरम, कवि नगर, वेव सिटी और लिंक रोड थाना शामिल।

### पुलिस कमिश्नर लगातार सुधार रहे हैं पुलिस की वर्किंग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की सिटीजन पुलिसिंग जहां एक मिसाल बन रही है। तो वहीं वह फीडबैक पॉलिसी को भी अपना रहे हैं। जिससे पुलिसकर्मियों की शिकायत आने पर उन पर एक्शन लिया जा रहा है। वहीं थानों में प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जनशिकायत वाला प्रयोग भी गाजियाबाद में सफल होता नजर आ रहा है। इसी का नतीजा है की ना सिर्फ गाजियाबाद की जनता पुलिस पर अब पहले से ज्यादा भरोसा कर रही है बल्कि अपराध नियंत्रण से लेकर अन्य फीडबैक के मामले में भी बेस्ट बन रही है।



# शीतकालीन सत्र : लोकसभा में 7वें दिन चुनाव सुधार पर चर्चा

## कांग्रेस ने डीबीटी से कैश, ईवीएम और चुनाव आयोग पर पूछे कई सवाल

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का आज 7वां दिन है। लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा हो रही है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने चुनाव आयोग, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर को लेकर तीखे सवाल पूछे।

चर्चा शुरू होगी। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज वंदे मातरम पर दो दिवसीय चर्चा का नेतृत्व करेंगे। कुछ विपक्षी सदस्यों ने कहा है कि वंदे मातरम पर चर्चा चुनाव के कारण हो रही है। ऐसा कहना गलत है।'

एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी। उन्होंने कहा, आज की बैठक में बिहार चुनावों में एनडीए की जीत के लिए सभी एनडीए नेताओं ने पीएम मोदी को बधाई दी। पीएम मोदी ने सभी एनडीए सांसदों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए काम करने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने जनता के जीवन को आसान बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में सुधार करने पर जोर दिया कि उन्हें कोई समस्या न हो। पीएम ने कहा कि कानूनों से लोगों की मदद होनी चाहिए। उन्होंने सांसदों से युवाओं से जुड़ने का आह्वान किया।

वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे से संबंधित योजना से जुड़े सवाल पर भी जवाब दिया। बिहार के महाराजगंज से सांसद जनार्दन सिग्रीवाल ने सवाल किया। इसका जवाब केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने दिया।

**कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने की शुरूआत :** लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरूआत कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने की। मनीष तिवारी ने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव कराए जाने समय की मांग हैं। उन्होंने संविधान के तहत चुनाव आयोग को मिले अधिकारों का जिक्र करके हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार के कार्यकाल में सबसे बड़े चुनावी सुधार हुए। मनीष तिवारी ने कहा, चुनाव आयोग को पूरे राज्यों में एसआईआर नहीं कराए जा सकते। उन्होंने कहा कि 1988 में कांग्रेस सरकार ने इतिहास का सबसे बड़ा सुधार कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज चुनाव आयोग केंद्र के निर्देश पर काम कर रहा है।

### ईवीएम और डीबीटी पर कांग्रेस के गंभीर सवाल

ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए तिवारी ने कहा कि इन मशीनों का सोर्स कोड किसी और कंपनी के पास होना चिंताजनक है। उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के मामले में भी सवाल खड़ा किया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि नियुक्ति के लिए बनाई गई समिति में चीफ जस्टिस को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से चुनाव को देखकर किए जाने वाले डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर पर रोक लगाई जानी चाहिए।




### सरकार घुसपैठियों के नाम का हौव्वा खड़ा कर रही : टीएमसी

पश्चिम बंगाल की श्रीरामपुर लोकसभा सीट से निर्वाचित तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने आज सरकार से चुनावी सुधार के मुद्दे पर कई अहम सवाल पूछे। उन्होंने सरकार पर घुसपैठिए और रोहिंग्या की आड़ में भय का वातावरण बनाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल के लोगों से घृणा करती है। यही कारण है कि राम मोहन रॉय का विरोध किया जाता है। वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर सवाल खड़े करते हुए बनर्जी ने कहा, तीन पीढ़ी पहले की हस्ती बंकिम चंद्र चटोपाध्याय को पीएम मोदी 'बंकिम दा' कहकर संबोधित करते हैं, ये दिखाता है कि उनके मन में कितना सम्मान है।

### वोट चोरी का मुद्दा अहम, हमने हरियाणा-कर्नाटक में गड़बड़ी साबित की... : राहुल गांधी

संसद के शीतकालीन सत्र में आज चुनाव सुधार पर चर्चा रही है। बीते दिनों शुरू हुए मतदाता सूची की जांच को लेकर विपक्षी नेताओं ने वोट चोरी के आरोप लगाए गए है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी कई प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महाराष्ट्र, हरियाणा के चुनाव में हुई गड़बड़ियों के बारे में बोल चुके है। लोकसभा में चुनाव सुधार पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी का मुद्दा अहम, हमने हरियाणा-कर्नाटक में गड़बड़ी साबित की। उन्होंने आरएसएस का भी नाम लिया। जिसके बाद थोड़ी देर के लिए संसद में हंगामा भी हुआ। इससे पहले कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव से पहले सरकारें लोगों के खातों में 10-15 हजार रुपये डाल देती हैं और चुनाव जीत जाती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह सिलसिला जारी रहा तो किसी राज्य में सत्ता परिवर्तन होना मुश्किल हो जाएगा।

### भाजपा का दावा- बंगाल में 2026 में कमल खिलेगा

बिहार की पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से निर्वाचित भाजपा सांसद डॉ संजय जायसवाल ने चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान पूर्व के चुनाव आयोग को भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की हत्या के समय जब कांग्रेस ने उनकी अस्थियों के साथ देशभर में यात्रा निकाली उस समय चुनाव आयोग ने वोट चोरी की।

पूर्व चुनाव आयक्त टीएन शेषण के कार्यकाल के दौरान दो और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का नियम लाने पर सवाल खड़े करते हुए जायसवाल ने वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि एसआईआर के बाद भी अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को देश से निकालने की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को नसीहत देते हुए सरकार का समर्थन करने को कहा। उन्होंने कहा कि बंगाल में 2026 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कथन चरितार्थ होगा, अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और बंगाल में कमल खिलेगा।

विपक्षी दलों की टोका-टाकी पर उन्होंने कहा कि बिहार और यूपी जैसे राज्यों में विपक्षी दलों का पता भी नहीं चलेगा।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए।

---

# राज्यों में SIR के काम में 'बाधा' पर अदालत सख्त

## कोर्ट ने कहा- चुनाव आयोग संज्ञान में लाए, हम आदेश पारित करेंगे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग से कहा, 'वह एसआईआर के काम में अलग-अलग राज्य सरकारों की तरफ से सहयोग की कमी को गंभीरता से लें।' सर्वोच्च अदालत ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं तो पुलिस तो तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा 'चुनाव पैनल चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। इससे निपटें वरना इन हालातों से अराजकता हो सकती है।'



**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी- इससे अराजकता हो सकती है**

चुनाव आयोग की तरफ से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि पश्चिम बंगाल में तनाव के कारण इछड के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्हें 30-35 वोटरों के छह-सात घरों की गिनती का काम करना होता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह डेस्क का काम नहीं है और इछड को घर-घर जाकर गिनती का फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा, 'यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है।'

**चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर के लिए पांच आईएएस अधिकारी नियुक्त किए :** चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कामकाज की निगरानी के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को स्पेशल रोल ऑब्जर्वर (एसआरओ) नियुक्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है।

---

# प्राइवेसी विवाद के बीच संचार साथी एप ने डाउनलोड में तोड़ा रिकॉर्ड, ऐप स्टोर पर नंबर-1

**नई दिल्ली।** देश में विपक्षी दलों और लोगों के भारी विरोध के बाद दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सभी मोबाइल फोन में संचार साथी एप पहले से इंस्टॉल करने का अपना आदेश वापस ले लिया है। लेकिन, इसका नतीजा यह हुआ कि जो एप पहले नजरअंदाज किया जा रहा था। अब वह ऐप सुर्खियों में आ गया है।

सेंसर टावर के ताजा डेटा के विश्लेषण में सामने आता है, संचार साथी एप की लोकप्रियता तेजी से बढ़ गई है। 29 नवंबर तक यह एप भारत में सबसे ज्यादा डाउनलोड होने वाली लिस्ट में 127 वें नंबर पर था, लेकिन महज तीन दिनों में दो दिसंबर को यह एपल एप स्टोर पर गूगल जेमिनाई और चैट जीपीटी जैसे बड़े प्लेटफॉर्म को पछाड़कर नंबर-1 पर पहुंच गया। इसमें खास बात यह है कि सरकार ने तीन दिसंबर को प्री-इंस्टॉल करने आदेश वापस ले लिया, इसके बावजूद ऐप अभी भी शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।




विशेषज्ञों का कहना है कि संचार साथी एप को लेकर अचानक बढ़ी दिलचस्पी की वजह गोपनीयता पर छिड़ी बहस है। प्राइवेसी से जुड़े संभावित खतरे सामने आने के बाद लोगों में एप को लेकर जिज्ञासा बढ़ी और इसका सीधा असर डाउनलोड संख्या पर दिखा। इसी बीच कुछ विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया है कि सरकार के निर्देश का समर्थन दिखाने के लिए भाजपा समर्थकों ने भी बड़ी संख्या में एप डाउनलोड किए था। इसी वजह से डाउनलोड में यह तेजी दिख रही है। लेकिन यह तेजी फिलहाल अस्थाई है।

इसके अलावा गूगल प्ले स्टोर पर भी संचार साथी एप ने तेज उछाल दर्ज किया गया है। एक दिसंबर को यह एप सभी कैटेगरी में 122वें स्थान पर था। लेकिन सिर्फ दो दिन में ही इसकी लोकप्रियता बढ़कर तीन दिसंबर को यह 15वें नंबर पर पहुंच गई थी। उत्पादकता श्रेणी में भी एप का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।जहां 1 दिसंबर को यह 15वें स्थान पर था, वहीं 3 दिसंबर को यह दूसरी पोजीशन पर पहुंच गया और अब लगातार टॉप स्लॉट में बना हुआ है।

संचार साथी एप को लेकर पूरा विवाद 28 नवंबर को शुरू हुआ, जब दूरसंचार विभाग ने सभी मोबाइल फोन निमार्ताओं को एक आदेश जारी किया था। इसमें कंपनियों को भारत में बेचे जाने वाले सभी नए मोबाइल फोन के साथ-साथ मौजूदा हैंडसेटों में सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए एप इंस्टॉल करना कंपलसरी कर दिया था।

---

# सौरभ-गौरव लूथरा के नाइट क्लब पर चलेगा बुलडोजर

## इंटरपोल ने जारी किया ब्लू कॉर्नर नोटिस




**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि जिस नाइटक्लब में आग लगी, उस पर बुलडोजर चलाकर उसे जमींदोज किया जाएगा। साथ ही इंटरपोल ने सीबीआई के अनुरोध पर मुख्य आरोपियों लूथरा ब्रदर्स के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है।

गोवा के नाइट क्लब बिर्क बाय रोमियो लेन को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया जाएगा। सीएम प्रमोद सावंत ने ये आदेश दिया है। गोवा सीएमओ ने एक बयान जारी कर बताया कि इंटरपोल ने भी नाइट क्लब के मालिकों गौरव और सौरभ लूथरा के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। गोवा पुलिस ने दोनों के खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए सीबीआई से संपर्क किया था।

**दोनों मुख्य आरोपियों के विदेश भागने का दावा**

मुख्यमंत्री कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उट सावंत ने उत्तरी गोवा जिला प्रशासन को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नाइट क्लब को गिराने का निर्देश दिया है। अधिकारी ने कहा, 'यह नाइट क्लब सरकारी जमीन पर गैर-कानूनी तरीके से बना है। इसे मंगलवार को गिरा दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने सारी मशीनरी तैयार रखी है।'

गोवा पुलिस ने सोमवार को बताया कि सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा हादसे के कुछ घंटों बाद वे थाईलैंड के फुकेट भाग गए। इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस किसी व्यक्ति की पहचान, लोकेशन या क्रिमिनल जांच के संबंध में उसकी गतिविधियों के बारे में और जानकारी इकट्ठा करने के लिए जारी किया जाता है। बीते रविवार को गोवा के अरपोरा गांव में स्थित नाइट क्लब बिर्क बाय रोमियो लेन में भीषण आग लग गई थी। इस अग्निकांड में 25 लोगों की मौत हो गई थी। जिस नाइट क्लब में आग लगी, उसमें अवैध निर्माण की कई वर्षों से शिकायत हो रही थी। जिस जगह नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन बना था, उस जमीन के मालिक प्रदीप अमोनकर ने ये खुलासा किया।

**सुरिंदर खोसला को भी बताया जा रहा आरोपी :** अमोनकर ने बताया कि उन्होंने साल 1994 में अरपोरा गांव में दो प्लॉट लिए थे और साल 2004 में उन्होंने सुरिंदर कुमार खोसला के साथ इस प्लॉट को बेचने का समझौता किया था।

---

# 'बिहार के बाद अब बंगाल की बारी'

## एनडीए की मीटिंग में पीएम मोदी ने दिया जीत का मंत्र

**नई दिल्ली।** एनडीए संसदीय दल की बैठक मंगलवार को संसद भवन परिसर में आयोजित हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर अहम संदेश दिया। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद पीएम मोदी ने साफ कहा, अब बिहार के बाद बंगाल की बारी है। गंगा बिहार से बंगाल जाती है, इसलिए बंगाल में भी जीत का झंडा फहराना है।



बैठक में मौजूद सांसदों ने बिहार में रिकॉर्ड जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया। जेडीयू नेता संजय झा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने मोदी को समारोहपूर्वक माला पहनाकर सम्मानित किया।

पीएम ने इस जीत को गठबंधन की एकजुटता और नेतृत्व की ताकत बताया। उन्होंने नीतीश कुमार को बिहार जीत का शिल्पकार बताते हुए कहा कि यह जीत राज्य के विकास और सुशासन की जनता की इच्छा को दशार्ती है। बैठक में पीएम मोदी ने सांसदों को आगाह किया कि पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 के लिए अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार की जीत ने एनडीए की ऊर्जा को दोगुना कर दिया है और अब बंगाल में भी परिवर्तन की लहर तेज करनी होगी। पीएम मोदी ने सभी एनडीए सांसदों से कहा कि बड़ी जीत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। उन्होंने निर्देश दिया कि वे अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में अधिक सक्रिय रहें, जमीनी मुद्दों पर ध्यान दें और केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचाएं।

बैठक में उन्होंने कुछ कार्यक्रमों पर विशेष जोर दिया। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती और 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' पर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने को कहा।

---

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आक्रामक: कहा- पीएम नरेंद्र मोदी माफी मांगें

## बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहकर उनका अपमान किया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी की मांग की। बनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहकर उनका अपमान किया है। कूच बिहार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री का तब जन्म भी नहीं हुआ था, जब देश को आजादी मिली। लेकिन फिर भी उन्होंने बंगाल के सबसे बड़े सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक को इतने साधारण तरीके से संबोधित किया। उन्होंने कहा, आपने (पीएम मोदी) उन्हें वह न्यूनतम सम्मान भी नहीं दिया जिसके वह हकदार हैं। आपको इसके लिए राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए।



**केंद्र सरकार ने बजट का ब्यौरा मांगा, ममता बोलीं- नोटिस की कीमत नहीं :** इसके अलावा भी सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार से मदद नहीं लेने की बात भी कही। उन्होंने कहा, 'हमें केंद्र सरकार से कोई मदद नहीं चाहिए। बंगाल सरकार सभी योजनाएं खुद चला रही है।एक दिन पहले केंद्र ने राज्य को नोटिस भेजकर तिमाही लेबर बजट का ब्यौरा मांगा है। छह दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया, लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि आपके नोटिस की कोई अहमियत नहीं है।'

दरअसल, पूरा विवाद उस वक्त शुरू हुआ, जब सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर हुई चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने लेखक का जिक्र किया। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने 'दा' शब्द के प्रयोग पर आपत्ति जताई और प्रधानमंत्री से 'बंकिम बाबू' कहने का आग्रह किया।

---

# मंगलवार को भी इंडिगो के 200 से ज्यादा विमान रद्द

## सरकार बोली- इंडिगो मार्गों की संख्या घटाएंगे, 10 एयरपोर्ट पर अफसर तैनात

**नई दिल्ली।** इंडिगो का परिचालन संकट आठवें दिन भी जारी है। एयरलाइन ने मंगलवार को बंगलूरू और हैदराबाद से लगभग 180 उड़ानें रद्द की हैं। वहीं देशभर में 230 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि इंडिगो मंगलवार को हैदराबाद के लिए 58 उड़ानें संचालित नहीं कर रही है। इनमें 14 आगमन और 44 प्रस्थान उड़ानें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बंगलूरू हवाई अड्डे से रद्द उड़ानों की संख्या 121 है, जिनमें 58 आगमन और 63 प्रस्थान उड़ानें शामिल हैं।

इस बीच, मौजूदा शीतकालीन समय सारणी में इंडिगो कुछ मार्गों को अन्य घरेलू एयरलाइंस के हाथों खो सकती है। विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा कि सरकार निश्चित रूप से इंडिगो के स्लॉट कम करेगी।



राहुल भाटिया के नेतृत्व वाली एयरलाइन प्रतिदिन 90 से अधिक घरेलू और 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। नायडू ने सोमवार को कहा, हम निश्चित रूप से इंडिगो की (शीतकालीन) समय सारणी में जो मार्ग हैं, उनकी संख्या कम करेंगे। इस संबंध में आदेश जारी किया जाएगा। यह एयरलाइन के लिए एक तरह का दंड होगा क्योंकि वे उन (कम किए गए) मार्गों पर उड़ान नहीं भर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि समय सारणी से इंडिगो के जो मार्ग कम किए जाएंगे, उन्हें अन्य एयरलाइंस को दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब एयरलाइन उन्हें संचालित करने की क्षमता दिखाएगी, तो उन्हें इंडिगो को वापस दे दिया जाएगा। गुरुग्राम स्थित यह एयरलाइन भारत के कुल घरेलू यातायात का 65 फीसदी से अधिक हिस्सा संभालती है। एयरलाइन ने सोमवार को केवल छह मेट्रो हवाई अड्डों से 560 से अधिक उड़ानें रद्द की थीं।

इंडिगो के कारण हवाई अड्डों पर बड़े पैमाने के व्यवधानों के मद्देनजर विमानन मंत्रालय ने मंत्रालय के उप सचिव, निदेशक और संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे आने वाले दिनों में सभी प्रमुख हवाई अड्डों का व्यक्तिगत स्तर पर दौरा करें और वहां की स्थिति का पूर्ण मूल्यांकन करें। इन हवाई अड्डों में मुंबई, बंगलूरू, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, गोवा, तिरुवनंतपुरम के हवाई अड्डे शामिल हैं।

---

# दिल्ली-एनसीआर में इस हफ्ते मौसम में उतार-चढ़ाव, ठंड बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साथ ही एनसीआर के इलाकों में इस हफ्ते मौसम में उतार चढ़ाव देखा जा सकता है। पहले तेज हवाएं चलने का अनुमान है। बाद में ठंड में इजाफा देखा जा सकता है। इसके बाद पहाड़ों पर एक नया पश्चिमी विक्षोभ 13 दिसंबर को दस्तक देगा। इसका प्रभाव दिल्ली के इलाकों पर कोई खासा तो नहीं पड़ेगा, लेकिन तापमान में बढ़ोतरी देखी जाएगी। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ के आने से पहले दो दिन तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ने का भी अनुमान है।





सोमवार को सुबह से ही मौसम में ठंडक बनी हुई थी। इसी बीच अधिकतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.1 डिग्री कम रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो मौसम के औसत से 0.9 डिग्री अधिक रहा। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 98 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 48 प्रतिशत रही। वहीं, लोधी रोड सबसे ठंडा इलाका रहा।





# पप्पू पहलवान की पोस्ट के बाद भगवागढ़ में दिन भर होता रहा इस बात पर मंथन

# जब सीएम-पीएम आएं तब स्वागत के लिए कार्यकर्ता के नाम पर भी हो चिंतन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले में मुख्यमंत्री आयें, प्रधानमंत्री आयें तो एक परम्परा है कि भाजपा के कार्यकर्ता उनसे मिलते हैं। इसके लिए एक सिस्टम ये बनाया गया है कि कुछ कार्यकर्ताओं को मुलाकात के लिए हैलीपेड पर और कुछ को कार्यक्रम स्थल पर मिलवा दिया जाता है। पहले से ये परम्परा चली आ रही है और कई बार तो ये भी हुआ है कि मुख्यमंत्री के आगमन पर कार्यकर्ताओं के अलावा संगठन ने व्यापारी नेताओं को भी मिलवाया है। ये परम्परा है और इस परम्परा को लेकर बड़ा सवाल तब खड़ा हुआ जब भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी की। महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान की पोस्ट के बाद भगवागढ़ में उछाल आ गया और फिर सभी अपनी प्रतिक्रियाएं देने लगे। दरअसल पप्पू पहलवान ने मुख्यमंत्री के आगमन पर कार्यकर्ताओं की उनसे मुलाकात को लेकर ग्रेड वाली बात कह दी थी। उन्होंने अपनी पोस्ट पर लिखा था कि मुलाकात के लिए भी ग्रेड बाटेंगे। सी ग्रेड कार्यकर्ताओं को पुलिस लाईन में मिलवाया गया और ए ग्रेड कार्यकर्ताओं को शिशु मंदिर में मिलवाया गया। पप्पू पहलवान की इस पोस्ट के बाद प्रतिक्रियाओं का तूफान आ गया। सभी ने इस पर अपनी राय रखी और व्यक्तिगत रूप से देवतुल्यों ने भी अपने अरमान जताये। किसी ने पप्पू पहलवान को उनकी पोस्ट पर प्रतिक्रिया से घेरा।



जब आप पॉवर में थे तो तुम भी यही कर रहे थे। तुमने भी अपने लोगों को ही मिलवाया था। यहां पर भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा आये। उन्होंने कहा कि टेंशन मत लो। यहां शहर मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता आये और उन्होंने कहा कि अगली बार मेरे स्थान पर बूथ अध्यक्ष को भेज देना। किसी ने कहा कि कुछ विशेष चेहरे ही दिखते हैं और सार ये रहा कि जिस तरह से प्रतिक्रियाओं का तूफान आया है। उससे ये तय है कि भविष्य में जब भी मुख्यमंत्री आयेंगे तो अब बूथ कार्यकर्ताओं को भी मुलाकात का मौका मिलेगा।

मंडल के दूसरे पदाधिकारी भी यहां मुलाकात करेंगे। क्योंकि सार ये रहा कि असली देवतुल्य कार्यकर्ता है और उसे ग्रेड में नहीं बांटा जाना चाहिए। अब उम्मीद ये जताई जा रही है कि केवल मंडल अध्यक्ष या महानगर के चेहरे नहीं मिलेंगे। अब हर बार चेहरे बदलेंगे और इनमें बूथ अध्यक्ष से लेकर सेक्टर अध्यक्ष रहेंगे। सभी का नाम लिस्ट में आयेगा और इसका फायदा ये होगा कि पूरा संगठन ही अब मुलाकात भी करेगा और जब चेहरे बदल बदल कर मुलाकात होगी तो पीएम-सीएम को भी ये पता चलेगा कि यहां भाजपा का परिवार कितना बड़ा है। इसका लाभ ये भी होगा कि अब जब लिस्ट बनेगी तो कोई भी चेहरा इग्नोर नहीं होगा।

## मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम की कोई सूचना मुझे भी नहीं थी : अजय शर्मा





करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने सभी को नो टेंशन का मंत्र दिया। वो अपनी पोस्ट पर आये और उन्होंने अपना पद वाला शिजरा बताया। उन्होंने कहा कि भाईयो ज्यादा टेंशन मत लो। मैं तो वर्तमान में प्रदेश संयोजक हूं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हूं। मैं पूर्व क्षेत्रीय मंत्री और पूर्व महानगर अध्यक्ष हूं। लेकिन माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम की कोई सूचना मुझे भी नहीं थी।

## मैं निवेदन करता हूं मेरी जगह मंडल के किसी पदाधिकारी का पास बनवा दें : महिम गुप्ता




करंट क्राइम। भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी और लिखा कि मैं महानगर अध्यक्ष से अगली बार के लिए निवेदन करता हूं कि जब भी मुख्यमंत्री आयें तो मेरी जगह पर मेरे मंडल के किसी पदाधिकारी का पास बनवाने की कृपा करें।

## इस पर ज्यादा राजनीति करना ठीक नहीं : विनीत सुदेश चौधरी




करंट क्राइम। विनीत सुदेश चौधरी ने लिखा कि एक फोटो से ना मुख्यमंत्री मुझे जान पायेंगे। मुझे लगता है कि इस पर ज्यादा राजनीति करना ठीक नहीं। मयंक गोयल ने भी संघर्ष किया। यहां तक पहुंचने के लिए हर अध्यक्ष की एक मर्यादा होती है उनका सम्मान करना चाहिए। मुलाकात भी एक सम्मान होता है कार्यकर्ता का, जो हो रहा है। अपने अपने समय का इंतजार करना चाहिए। कार्यकर्ता हमारी पूंजी हैं।


## सिलसिला सांठ-गांठ का ये चलता रहेगा : किरन सिंह




करंट क्राइम। भाजपा की किरन सिंह ने लिखा कि सांठ-गांठ का ये सिलसिला चलता रहेगा। कार्यकर्ता चाहे दिन रात खप जाये पर पीएम सीएम आने पर वही पुराने चेहरे आगे कर दिये जाते हैं। मजे की बात तो ये है कि अध्यक्ष बदल जाते हैं कुर्सियां बदल जाती हैं लेकिन प्रोटोकॉल के नाम पर कार्यकर्ता को दर किनार करने का ये खेल कभी नहीं बदलता और कभी नहीं बदलेगा क्योंकि प्रोटोकॉल तो हमेशा ही रहेगा।


## भाजपा कार्यकर्ता थर्ड ग्रेड नहीं हो सकता : संजीव झा

करंट क्राइम। महामंत्री संजीव झा ने हैरानी जताई और प्रश्नवाचक चिन्ह लगाया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ता थर्ड ग्रेड??? कभी नहीं हो सकता और उन्होंने बाकी लोगों से भी उनकी राय पूछी।




## पार्टी का मूल कार्यकर्ता मिल रहा है तो क्यों दर्द हो रहा है

करंट क्राइम। युवा मोर्चा के नेता मोनू ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। वो फ्लैश बैक में चले गये और उन्होंने लिखा कि पिछले वर्षों में सपा बसपा की मानसिकता के लोग मिला करते थे। अब पार्टी का मूल कार्यकर्ता मिल रहा है तो क्यों दर्द हो रहा है। वरना मैनें मोदी जी से मिलने वाली लिस्ट भी देखी है।




## मिलने वालों में 100 लोगों की लिस्ट में केवल 2 महिला होती हैं : मोनिका पंडिता

करंट क्राइम। भाजपा की क्षेत्रीय पदाधिकारी और मंडल प्रभारी मोनिका पंडिता भी अपनी प्रतिक्रिया के साथ आईं औरवो इस पूरे मामले को महिला सशक्तिकरण पर ले आईं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बातें तो बहुत होती हैं लेकिन जब किसी महिला को वास्तविक मौका देने की बात आती है तो 100 लोगों में से 2 महिला होती हैं।




## मेरा तो आज तक पास ही नहीं बना : काजल त्यागी

करंट क्राइम। भाजपा की क्षेत्रीय टीम में रहीं काजल त्यागी ने भी महिला सशक्तिकरण का सवाल उठाया और उन्होंने मुलाकात वाले सिस्टम को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने मोनिका पंडिता की बात से सहमति जताते हुए लिखा कि दीदी मेरा तो आज तक पास ही नहीं बना।

## हमारे जैसे कार्यकर्ता को कर दिया जाता है हर बार इग्नोर: अशोक संत





करंट क्राइम। भाजपा की अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अशोक संत ने कहा कि हमारे जैसे कार्यकर्ता का भी कुछ ख्याल रख लो अध्यक्ष जी। बार बार राष्ट्रीय पदाधिकारी कहकर इग्नोर कर दिया जाता है। जबकि मेरा जिला और महानगर तो यही है। पार्टी इस पर ध्यान दे। सेवा तो भाजपा की ही कर रहा हूं।

## हमें तो मुख्यमंत्री जी की परछाई तक के दर्शन नहीं हुए : मोहित गुप्ता





करंट क्राइम। भाजपा नेता मोहित गुप्ता ने अपना 11 साला भाजपाई शिजरा निकाल लिया। उन्होंने कहा कि मैं 2014 से लगा हुआ हूं और हमें तो मुख्यमंत्री जी की परछाई तक के दर्शन नहीं हुए।

## महामंत्री जी आपको शिशु मंदिर और विद्या मंदिर में अंतर नहीं पता : संजीव जांगड़




करंट क्राइम। संजीव जांगड़ ने लिखा महामंत्री जी पहले तो कार्यकर्ता का कोई ग्रेड नहीं होता है। कार्यकर्ता कार्यकर्ता होता है और आप जिस स्थान को शिशु मंदिर नहीं विद्या मंदिर है। आपको इतने दिन में शिशु मंदिर और विद्या मंदिर में अंतर समझ में नहीं आया।


## यहां तो ग्रेड परिवार शुरू हो गया : तनुज गंभीर




करंट क्राइम। तनुज गंभीर ने कहा कि जो व्यक्ति कार्यकर्ता को ए ग्रेड, बी ग्रेड और सी ग्रेड में बांट देता है उसको भाजपा में होने का कोई अधिकार नहीं है। हम तो गर्व से कहा करते थे मोदी का परिवार। लेकिन यहां तो ग्रेड परिवार शुरू हो गया।

## आप तो बुलाते भी नहीं थे अब ग्रेड याद आया : आलोक शर्मा

करंट क्राइम। भाजपा नेता आलोक शर्मा इस पोस्ट पर आये और उन्होंने कहा कि ग्रेड की बात करने वाले अपने समय को भूल गये। आप तो बुलाते भी नहीं थे, अब ग्रेड याद आ रहा है। इसलिए कहते हैं समय परिवर्तनशील है।







## कार्यकर्ता ज्यादा सभी की मुलाकात संभव नहीं : संजय शर्मा

करंट क्राइम। भाजपा नेता संजय शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की संख्या ज्यादा है। सभी की मुलाकात संभव नहीं है लेकिन पुनरावृत्ति से बचना चाहिए। ये बात तो बार बार मिलने वालों को खुद समझनी चाहिए।

## देवतुल्य थर्ड ग्रेड के, ये कैसी मानसिकता : प्रकाश जोशी

करंट क्राइम। प्रकाश जोशी ने कहा कि गाजियाबाद में जब तक काम निकलवाना था तब तक देवतुल्य और आज वही थर्ड ग्रेड के हो गये। ये कैसी मानसिकता है।

# बुजुर्ग दंपति से लूटपाट के ब्लाइंड केस खोलने वाली कवि नगर पुलिस का भाजपा नेता पंकज शर्मा ने किया सम्मान

### भागवत गीता, बुके और शॉल पहनकर बढ़ाया एसीपी, इंस्पेक्टर और पुलिस टीम का मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 27 नवंबर को कवि नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले बुजुर्ग दंपत्ति नरेश शर्मा और उनकी पत्नी मधु शर्मा पर हुए जानलेवा हमले के ब्लाइंड कैसे का खुलासा करने पर कवि नगर थाना पुलिस टीम का मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता और नॉर्दन रेलवे सलाहकार सदस्य पंकज शर्मा ने मंगलवार को सम्मान किया।

इस दौरान पंकज शर्मा ने एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य, थाना प्रभारी अनुराग शर्मा, चौकी प्रभारी कवि नगर अनुज गिल, सब इंस्पेक्टर चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र विकास बालियान, क्राइम टीम के पुलिसकर्मी अरविंद ,दिव्यांशु मलिक, नीरज, मुकेश को भागवत गीता, शॉल और बुके देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर भाजपा नेता पंकज शर्मा ने कहा है कि जिस तरीके से उनकी छोटी बहन के सास ससुर नरेंद्र शर्मा और मधु शर्मा के केस को पुलिस ने खोला है वह काबिले तारीफ है।

उन्होंने कहा कि इस तरीके के ब्लाइंड केस में जिस प्रकार से पुलिस की टीम ने दिन रात एक करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहले बदमाशों की पहचान की। फिर उनके साथ पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तारी होना अपने आप में पुलिस की गुड वर्किंग का नतीजा है। इस मौके पर पंकज शर्मा के साथ मनु लव, सचिन जोगिया, करण शर्मा, पीयूष शर्मा, सचिन चावला, अजीत निगम व संजय कांत सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।















# अशोक नगर में 'गोबर राज' पर महापौर का सीधा वार

# 'शहर को गंदगी के नर्क में बदलने नहीं दूंगी'

### अवैध डेरी पर बोला धावा और पशु जब्त, शहर में हड़कंप!





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद के अशोक नगर इलाके में सोमवार को उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब कई वर्षों से नालों-सीवर में गोबर फेंककर गंदगी फैलाने वाली अवैध डेरी पर महापौर सुनीता दयाल ने अचानक पहुंचकर कार्रवाई शुरू करा दी।

लगातार शिकायतें, टूटती ग्रीन बेल्ट, बदबूदार नाले और लाखों टन गोबर का दबाव—इन सबने नगर निगम को वर्षों से परेशान किया हुआ था। लेकिन आज पहली बार हालात ऐसे बदले कि महापौर को खुद मौके पर खड़ा होना पड़ा, महिलाएं दरवाजा बंद कर विरोध करने लगीं, पुलिस बुलानी पड़ी और अंत में सभी पशु नंदिनी पार्क गौशाला भेज दिए गए।

### कार्रवाई क्यों? तीन वजहें साफ

- नाले-सीवर में गोबर डालकर पूरे इलाके में जाम और बदबू फैलाना
- ग्रीन बेल्ट को गोबर डंपिंग जोन की तरह इस्तेमाल करना
- जुर्माने और नोटिस के बावजूद डेरी संचालकों का रवैया न बदलना



### एक सप्ताह की आखिरी मोहलत—फिर बड़ी कार्रवाई तय

करंट क्राइम। कार्रवाई के बाद अशोक नगर की दो और बड़ी डेरियों को सख्त चेतावनी और 1 सप्ताह का अंतिम समय दिया गया है। महापौर का साफ संदेश—डेरी चलाओ, कोई आपत्ति नहीं, लेकिन शहर को गंदगी का भंडार बनाओगे तो कार्रवाई सीधे होगी, बिना नोटिस के।



### गोबर का 'रूट' जिसने शहर को सालों परेशान किया

करंट क्राइम। अशोक नगर की डेरियों का गोबर होली चाइल्ड स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, कलकड़ी चौक, पुराने शहर के नालों तक पहुंचकर लंबे समय से भारी समस्या पैदा कर रहा था। अब नाले के निर्माण में लाखों टन गोबर निकलने से नगर निगम की चिंता और बढ़ गई।

### 'गंदगी फैलाने वालों पर अब रहम नहीं'

करंट क्राइम। इस कार्रवाई ने यह साफ कर दिया है कि अब अवैध डेरी + गंदगी = सीधी बड़ी कार्रवाई नगर निगम आने वाले दिनों में शहर में इसी तरह का अभियान तेज करने की तैयारी में है।

## संपादकीय

# इंडिगो से विमानन संकट

इंडिगो के कारण भारत के विमानन क्षेत्र में संकट आ गया है। इससे एकाधिकार का खतरा बढ़ा है। कंपनी ने नए नियमों के अनुसार स्टाफ की भर्ती नहीं की। सरकार ने जांच के लिए एक समिति बनाई है। इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 65% है।

इंडिगो की वजह से भारत के विमानन क्षेत्र में पैदा हुए हालिया संकट ने फिर से एकाधिकार के खतरे को उजागर कर दिया है। इंडिगो का मामला लापरवाही, बाजार में अपनी मजबूत स्थिति का बेजा फायदा उठाने की कोशिश और जिम्मेदारियों से भागने का बड़ा उदाहरण है। संकट के दौरान भी, जब तक सरकार ने दखल नहीं दिया, कंपनी का रवैया ठीक नहीं रहा।

सरकारी कमिटी के नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियम सभी एयरलाइंस पर लागू होने थे और इसके लिए सभी को पर्याप्त समय भी दिया गया था। लेकिन, इंडिगो ने नए नियमों के हिसाब से स्टाफ की भर्ती नहीं की, जिससे मौजूदा संकट इतना बड़ा हो गया। सरकार ने एक कमिटी बनाई है, जो इस बात की जांच करेगी कि कहीं इंडिगो ने जानबूझकर तैयारियों में देरी तो नहीं की, ताकि अथॉरिटीज पर प्रेशर बनाया जा सके।

इंडिगो का दबदबा यह आशंका इस वजह से उठती है, क्योंकि केबिन क्रू और पायलटों की कमी को एकाएक पूरा नहीं किया जा सकता। क्या एयरलाइंस इस बात का इंतजार कर रही थी कि क्राइसिस हो ताकि उसे नियमों में छूट मिल सके? भारतीय विमानन क्षेत्र में इस समय इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 65% है। उसके बेड़े में 417 विमान हैं और सामान्य दिनों में हर दिन 2200 उड़ानें भरी जाती हैं। समझौता न हो संकट खड़ा होने पर पहली प्रतिक्रिया भी हैरान-परेशान करने वाली रही। हजारों यात्री जहां-तहां फंस गए, रिफंड के लिए परेशान होते रहे, जबकि कंपनियां मनमाना किराया वसूलने लगीं। सरकार की तरफ से फिलहाल नए नियमों में थोड़ी रियायत दी गई है, ताकि स्थिति सामान्य हो सके। फौरी तौर पर जनता को राहत देने के लिए यह भले सही हो, लेकिन नए नियमों से किसी सूरत में समझौता नहीं किया जाना चाहिए। ये नियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप और पायलटों की सेहत व उड़ान सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। एकाधिकार टूटे सरकार ने इंडिगो से जवाब भी मांगा है, लेकिन यह समय नीतियों के मूल्यांकन का भी है। अगर कंपनी नए नियमों के लिए तैयारी नहीं कर रही थी, तो क्या अथॉरिटीज को इसकी खबर नहीं थी? क्या के निगरानी सिस्टम में सुधार की जरूरत है? मौजूदा संकट याद दिलाता है कि किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार होना कितना खतरनाक हो सकता है, जबकि कंपनियों के बीच अच्छी प्रतिस्पर्धा हो तो ग्राहकों को वाजिब कीमत पर अच्छी सर्विस मिलती है। देश में हवाई क्षेत्र की तरक्की की रफ्तार बहुत अच्छी है। यह आगे बनी रहे और यात्रियों को भी अच्छी सेवा मिले, इसके लिए और क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इस पर भी केंद्र को गौर करना चाहिए।

# लगातार दूसरे दिन गिरा बाजार
# सेंसेक्स 84,666 पर, रुपये में भी कमजोरी

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 436.41 अंक गिरकर 84,666.28 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 120.90 अंक गिरकर 25,839.65 अंक पर आ गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के कारण शेयर बाजार मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 436.41 अंक या 0.51 प्रतिशत गिरकर 84,666.28 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान, सेंसेक्स 719.73 अंक या 0.84 प्रतिशत गिरकर 84,382.96 के निचले स्तर पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 120.90 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरकर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 232.55 अंक या 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,728 के निचले स्तर तक गया। रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 17 पैसे टूटकर 89.88 के स्तर पर पहुंच गया।



### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी इंडिया, सन फार्मास्यूटिकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर गिरावट में रहे। वहीं, इटरनल, टाइटन, अडानी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और भारती एयरटेल लाभ में रहे।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व मंगलवार को अपनी दो दिवसीय नीति बैठक शुरू करने वाला है, जहां केंद्रीय बैंक की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए प्रमुख बेंचमार्क ब्याज दरों पर फैसला करेगी। बैंक ऑफ जापान के नीतिगत फैसलों को लेकर वैश्विक धारणा पर दबाव पड़ा नायर ने आगे कहा कि जापानी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और बैंक ऑफ जापान (बीओजे) द्वारा अपनी आगामी दिसंबर बैठक में मौद्रिक नीति को सख्त करने की उम्मीदों से वैश्विक धारणा पर और दबाव पड़ा है।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट, दक्षिण कोरिया का कोस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 बेंचमार्क हरे क्षेत्र में बंद हुआ।यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोमवार को वॉल स्ट्रीट रात भर के सौदों में गिरावट के साथ बंद हुआ।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 62.33 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.27 प्रतिशत गिरकर 62.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इस बीच, एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 655.59 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,542.49 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 609.68 अंक गिरकर 85,102.69 पर बंद हुआ। दो दिन की बढ़त के सिलसिले को तोड़ते हुए 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 225.90 अंक गिरकर 25,960.55 पर बंद हुआ।

### फेड नीतिगत फैसलों के पहले बाजार में दिखी सतर्कता

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि कल के अमेरिकी फेड नीतिगत फैसले से पहले सतर्कता, रुपये में कमजोरी, लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच घरेलू शेयर बाजार में मुनाफावसूली बढ़ी। गिरावट में आईटी शेयरों की प्रमुखता रही, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, रियल्टी और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के शेयरों में तेजी रही। स्मॉलकैप शेयरों ने अन्य सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया।

# भारतीय चावल की वैश्विक मांग बरकरार नए बाजारों के विस्तार में जुटा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय चावल निर्यात महासंघ ने कहा है कि अमेरिका द्वारा भारतीय चावल पर शुल्क बढ़ाने से भारतीय किसानों को बड़ा नुकसान नहीं होगा, बल्कि इसका भार अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। फेडरेशन के अनुसार भारतीय चावल की वैश्विक मांग मजबूत है और भारत नए बाजारों में निर्यात बढ़ाने पर काम कर रहा है। भारतीय चावल पर उच्च टैरिफ से अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा। भारतीय चावल निर्यात महासंघ (आईआरईएफ) ने यह चिंता जताई। इसमें कहा गया है कि भारत अन्य देशों के साथ व्यापार साझेदारी को गहरा करना जारी रखेगा व भारतीय चावल के लिए नए बाजारों का विस्तार करेगा।



### भारतीय किसानों पर टैरिफ का असर सीमित

कप्र्न्ने कहा कि भारतीय चावल निर्यात मजबूत है और अमेरिका सहित दुनिया के कई बाजारों में इसकी मांग बनी हुई है। फेडरेशन का कहना है कि अमेरिकी उपभोक्ता पहले ही बढ़ी हुई कीमतों का बोझ उठा रहे हैं, जबकि भारतीय किसानों और निर्यातकों पर इसका सीमित असर पड़ता है।

### भारत नए बाजार खोलने पर काम कर रहा है

फेडरेशन के उपाध्यक्ष देव गर्ग ने कहा कि भारतीय चावल निर्यात उद्योग मजबूत और प्रतिस्पर्धी है। अमेरिका एक महत्वपूर्ण बाजार है, लेकिन हमारे निर्यात विश्व स्तर पर विविधीकृत हैं। सरकार के साथ मिलकर हम मौजूदा बाजारों को मजबूत करने और नए बाजार खोलने पर काम कर रहे हैं।

### अमेरिका में कीमतों का बोझ उपभोक्ताओं पर

कप्र्न्का कहना है कि भारतीय चावल पर पहले से लगे 10% शुल्क को बढ़ाकर 50% कर दिया गया, जिसके बाद 40 प्रतिशत की अतिरिक्त बढ़ोतरी हुई। इसके बावजूद निर्यात में बड़ी गिरावट नहीं हुई क्योंकि मूल्य वृद्धि का बड़ा हिस्सा अमेरिकी खुदरा कीमतों पर डाल दिया गया।

फेडरेशन के मुताबिक, अमेरिका में भारतीय बासमती मुख्य रूप से खाड़ी और दक्षिण एशियाई समुदायों द्वारा खरीदा जाता है। बिरयानी जैसी डिश में बासमती की जगह अन्य चावल विकल्प नहीं हो सकते।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बड़ा बूस्ट
# केंद्र ने अब तक 3,848 करोड़ जारी किए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा मजबूत करने के लिए सड़क, टेलीकॉम, कौशल विकास, शिक्षा और बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार किया है। 2017 से अब तक स्पेशल सेंट्रल असिस्टेंस योजना के तहत



विकास कार्यों के लिए 3,848.49 करोड़ जारी किए जा चुके हैं।

केंद्र सरकार ने नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत ढांचा मजबूत करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। सड़क, दूरसंचार, कौशल विकास, बैंकिंग और शिक्षा के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर योजनाएं लागू की गई हैं। यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में लिखित उत्तर में दी।

### सड़क नेटवर्क विस्तार के लिए 14,978 किमी सड़कों का निर्माण

सरकार के अनुसार, सड़क नेटवर्क विस्तार के लिए 14,978 किमी सड़कों का निर्माण दो प्रमुख योजनाओं रोड रिक्वायरमेंट प्लान (फ्क्क) और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क संपर्क परियोजना के तहत किया गया है। टेलीकॉम कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए 9,050 मोबाइल टावर स्थापित किए गए। वहीं, कौशल विकास के क्षेत्र में 46 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और 49 कौशल विकास केंद्र शुरू किए गए हैं। जनजातीय छात्रों के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 179 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (एटफ्र) संचालित किए जा रहे हैं।

### नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में खोले गए बैंक और एटीएम

वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए डाक विभाग ने नक्सलवाद प्रभावित जिलों में 6,025 पोस्ट ऑफिस बैंकिंग सेवाओं के साथ शुरू किए हैं। इसके अलावा 1,804 नए बैंक शाखाएं और 1,321 एटीएम भी खोले गए हैं।

### 2017 से 3,848.49 करोड़ हो चुके जारी

मंत्री ने बताया कि विकास को और गति देने के लिए स्पेशल सेंट्रल असिस्टेंस (रउअ) योजना के तहत बुनियादी ढांचे की खामियों को भरने के लिए धन उपलब्ध कराया जाता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- तानाशाही शासक के तौर पर पहचान रखने वाले सद्दाम हुसैन के बारे में आपको यह नहीं पता होगा वह लेखक भी थे। सद्दाम ने Zabiba and the King नाम की किताब लिखी था, जो 2000 में प्रकाशित हुई।
- ताइवान में एक ऐसा रेस्त्रां है, जहां आने वाले कस्टमर को खाना टॉयलेट के आकार के बने एक स्टैंड पर दिया जाता है।
- प्रिंस चार्ल्स और प्रिंस विलियम्स ट्रैवलिंग के लिए हमेशा अलग-अलग प्लेन का प्रयोग करते हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि कभी प्लेन क्रैश हो जाए तो दोनों में से कोई एक तो जीवित रहेगा ही।
- घड़ी एक ऐसी चीज है जो हर जगह होती है। आप पार्टी कर रहे हों या मीटिंग में हों, समय की पाबंदी हर जगह होती है। इस नियम को तोड़ते हुए लॉसवेगास के एक कसीनो ने किसी भी तरह की घड़ी नहीं लगाई है। कसीनो के मालिक का मानना है कि यहां आप समय की पाबंदी के बिना मस्ती कर सकते हैं।
- तानाशाह जर्मन शासक हिटलर बचपन में पादरी बनना चाहता था. सबसे बड़ी बात कि जिस इंसान से आज भी लोग खौफ खाते हैं, उसे बिल्लियों से डर लगता था। यही डर नेपोलियन को भी था।
- जियोलॉजिस्ट चार्ल्स डार्विन ज्यादातर उन सभी जानवरों को खाते भी थे, जिनकी उन्होंने खोज की थी।
- दुनिया का सबसे बड़ा परिवार भारत में रहता है। इस परिवार में एक व्यक्ति की 39 पत्नियां और 94 बच्चे हैं। यह सभी लोग 100 कमरों के 4 मंजिला घर में रहते हैं।

## राशिफल

**मेष:** कोर्ट के मामले से दूर रहें। खास लोगों से मुलाकात होगी। क्रोध पर संयम रखें। परिवार से सहयोग मिलेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा।

**वृष:** पदोन्नति के योग हैं। पुराने अटके काम पूरे होंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मिथुन:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। अपनों के साथ संयम से व्यवहार करें। पुराना रोग उभर सकता है। बनते कामों में बाधा संभव है। गुस्से पर काबू रखें।

**कर्क:** थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। कार्य की प्रशंसा होगी। रुके कार्य बनने लगेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम-जमानत के कार्य टालें। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**सिंह:** घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। मान बढ़ेगा। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कन्या:** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**तुला:** योजना फलीभूत होगी जिसका लाभ तत्काल नहीं मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। आलस्य का अनुभव होगा।

**वृश्चिक:** कोर्ट व कचहरी के मामले सुलझ सकते हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। क्रोध न करें। उच्चाधिकारी संतुष्ट नहीं होंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु:** परेशानी बढ़ने का समय है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों के भरोसे कार्य न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें।

**मकर:** तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आय के स्रोत बढ़ेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। व्यवसाय ठीक रहेगा।

**कुंभ:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मीन:** यात्रा लाभदायक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। आलस्य हावी रहेगा।

## चुटकुले

सुबह-सुबह पत्नी नींद से उठते ही
बोली, 'अजी सुनते हो?'
पति- 'बोलो! क्या हुआ?'
पत्नी - 'मुझे सपना आया कि आप मेरे
लिए हीरों का हार लेकर आए हो।'
पति - ठीक है, तो वापिस सो जा और पहन ले।'

---

बंटू - जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, दिन-प्रतिदिन
इंसान रईस बनता जाता है।
घंटु - वो कैसे ?
बंटू - बूढ़े होने पर चांदी बालों में,
सोना दाँतों में, मोती आखों में
शुगर खून में और महंगे पत्थर किडनी
में पाए जाने लगते हैं।

---

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़
गए तो कितने आम बचे ?
बन्टू - 10
टीचर - अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे ?
बन्टू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे,
सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।




**सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।**
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पहली बार ट्रांसजेंडर फुटबॉल लीग का आयोजन

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी इस ट्रांसजेंडर लीग का आयोजन कर रही है। जमशेदपुर एफसी के लिए ट्रांसजेंडर को खेलों से जोड़ना क्लब के व्यापक सामुदायिक कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



भारतीय फुटबॉल में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत सात ट्रांसजेंडर टीमों ने जमशेदपुर सुपर लीग (जेएसएल) के तहत रविवार को एक विशेष टूर्नामेंट की शुरूआत की। जमशेदपुर एफटी, चाईबासा एफसी, चक्रधरपुर एफसी, जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी, नोआमुंडी एफसी, सरायकेला एफसी और कोल्हान टाइगर एफसी की पांच-पांच खिलाड़ियों की टीमें इस लीग में हिस्सा ले रही हैं।

शुरूआत में ट्रांसजेंडर्स लीग में केवल चार टीमें ही प्रतिस्पर्धा करने वाली थीं, लेकिन बाद में तीन और टीमें इसमें शामिल कर ली गईं। यह टूर्नामेंट जमशेदपुर सुपर लीग का एक हिस्सा है, जिसमें आयु-वर्ग लीग जैसी अन्य प्रतियोगिताएं भी होती हैं।

जमशेदपुर एफटी ने ट्रांसजेंडर लीग के शुरूआती दिन उद्घाटन मैच में चाईबासा एफसी को 7-0 से जबकि कोल्हान टाइगर एफसी ने चक्रधरपुर एफसी को 3-0 से हराया। जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी और नोआमुंडी एफसी के बीच मैच गोलरहित ड्रॉ खेला गया। पहली बार मुझे ऐसा लगा कि मुझे मेरे लिंग के लिए नहीं बल्कि मेरे खेल के लिए देखा जा रहा है।

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी इस ट्रांसजेंडर लीग का आयोजन कर रही है। जमशेदपुर एफसी के लिए ट्रांसजेंडर को खेलों से जोड़ना क्लब के व्यापक सामुदायिक कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे फुटबॉल को सुलभ बनाने और समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार किया गया है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को सेना द्वारा आयोजित की गई मैराथन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। भीमबेर गली ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर राहुल कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और युवाओं को फिटनेस को जीवन शैली के रूप में अपनाने और सशस्त्र बलों में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि यह मैराथन दूसरी बार आयोजित किया जा रहे मेंढर महोत्सव का हिस्सा थी।

यह महोत्सव 23 नवंबर को शुरू हुआ और 11 दिसंबर को समाप्त होगा। अधिकारी ने बताया कि चुनौतीपूर्ण भूभाग और संवेदनशील स्थान होने के बावजूद इस मैराथन में 1,500 से अधिक धावकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि फिटनेस के अलावा मैराथन नागरिकों और सेना के बीच आपसी संबंध मजबूत करने सशक्त माध्यम बन गया है।

# ऑस्ट्रेलिया को झटका, हेजलवुड बाकी बचे मैच भी नहीं खेल पाएंगे, अगले टेस्ट में कप्तान कमिंस की वापसी तय

**मेलबर्न।** हेजलवुड के बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी यूनिट को झटका जरूर लगा है, लेकिन कमिंस की वापसी टीम को बड़ी मजबूती दे सकती है। वहीं इंग्लैंड के लिए अब हर मैच करो या मरो जैसा है। एडिलेड का परिणाम सीरीज की दिशा तय करेगा।

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को बड़ी चोट के चलते पूरी एशेज सीरीज से बाहर कर दिया गया है। उन्हें हैमस्ट्रिंग और एकिलीज टेंडन की समस्या है, जिसके कारण वह पहले ही पर्थ और ब्रिस्बेन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए शुरूआती दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई फैंस के लिए एक राहत की खबर है कि कप्तान पैट कमिंस अगले मैच में वापसी कर सकते हैं। उन्हें क्लीयरेंस मिल चुका है।



## अब लक्ष्य टी20 वर्ल्ड कप पर

टीम मैनेजमेंट और फैंस को उम्मीद थी कि हेजलवुड सीरीज के आगे के मैचों में वापसी कर पाएंगे, लेकिन मेडिकल अपडेट के बाद यह स्पष्ट हो गया कि उनकी रिकवरी में अभी और समय लगेगा। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने मंगलवार को जानकारी दी कि हेजलवुड अब अपना पूरा ध्यान अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी पर लगाएंगे।

मैकडॉनल्ड ने कहा, 'वह अब एशेज सीरीज में उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनकी तैयारी अब टी20 वर्ल्ड कप की ओर शिफ्ट होगी, जो हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है।' उन्होंने आगे कहा कि यह निर्णय हेजलवुड और टीम, दोनों के लिए निराशाजनक है। मैकडॉनल्ड ने कहा, 'ये काफी निराशाजनक है, क्योंकि हमें उम्मीद नहीं थी कि उनकी चोट इतनी लंबी चलेगी। हमें लगा था कि वह इस सीरीज में बड़ा योगदान देंगे।'

## कमिंस की वापसी से राहत

हेजलवुड की अनुपस्थिति के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए एक राहत की खबर यह है कि कप्तान पैट कमिंस की वापसी तय मानी जा रही है। कमिंस पीठ की समस्या के कारण पहले दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे। 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने हाल ही में ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया और उनकी फिटनेस में सुधार देखा गया है। तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होगा और उम्मीद है कि वह टीम की कप्तानी करते हुए खेलेंगे। मैकडॉनल्ड ने कहा, 'हमने उनकी फिटनेस में अच्छा सुधार देखा है और हमें पूरा भरोसा है कि वह एडिलेड टेस्ट के लिए तैयार रहेंगे।'

## इंग्लैंड पर बढ़ा दबाव

दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम लगातार दो मैच हारने के बाद मानसिक दबाव में है। अगर वह एडिलेड टेस्ट नहीं जीत पाते, तो एशेज सीरीज गंवाने की संभावना और बढ़ जाएगी। टीम फिलहाल कुछ दिनों का ब्रेक लेकर ऑस्ट्रेलिया के समुद्री इलाकों में आराम कर रही है, ताकि खिलाड़ी मानसिक रूप से फ्रेश होकर वापस मैदान में उतरें। इंग्लैंड ने 2010-11 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में एशेज टेस्ट नहीं जीता है, जो उनके लिए चिंता का विषय है। इस सीरीज में अब तक ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों में सबसे प्रभावी मिचेल स्टार्क रहे हैं। वह पहले दो टेस्ट में 18 विकेट लेकर लगातार दो बार मैन ऑफ द मैच बने हैं।

# हेडन ग्रेस ने दी पिता मैथ्यू हेडन को 'धमकी'! कहा 'फिर ऐसा किया तो रिश्ता खत्म'

**सिडनी।** यह पूरा मामला क्रिकेट के मैदान जितना ही मनोरंजक बन गया। जो रूट के शतक ने न सिर्फ इंग्लैंड की उम्मीदें बनाए रखीं, बल्कि एक पूर्व क्रिकेटर को सार्वजनिक शर्मिंदगी से भी बचाया। वहीं, ग्रेस हेडन की प्रतिक्रिया ने क्रिकेट फैंस के चेहरे पर मुस्कान ला दी।



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज ओपनर मैथ्यू हेडन हाल ही में सोशल मीडिया और क्रिकेट फैंस के बीच चर्चा का बड़ा कारण बने। उन्होंने एशेज सीरीज में इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट के प्रदर्शन को लेकर एक अजीबोगरीब शर्त रख दी थी। हेडन ने कहा था कि अगर जो रूट इस एशेज टेस्ट सीरीज में शतक नहीं लगाते, तो वह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ([illegible]) पर न्यूड होकर चक्कर लगाएंगे, लेकिन जैसे ही जो रूट ने दूसरे टेस्ट में नाबाद 138 रन की शानदार पारी खेली, हेडन को उनकी इस अजीब शर्त पर अमल करने से मुक्ति मिल गई।

**बेटी ग्रेस की हास्यास्पद चेतावनी:** इस पूरे वादे पर सबसे मजेदार प्रतिक्रिया दी मैथ्यू हेडन की बेटी, क्रिकेट प्रेजेंटर ग्रेस हेडन ने। उन्होंने मजाक में कहा, 'मैं पहली बार जिंदगी में चाहती थी कि कोई इंग्लिश खिलाड़ी एशेज में अच्छा खेले। शुक्र है कि रूट ने शतक लगा दिया। अगर पापा दोबारा ऐसी बात कहेंगे, तो मैं उनसे रिश्ता तोड़ दूंगी।' उन्होंने आगे मजाक में जोड़ा, 'रूट, दिल की गहराइयों से धन्यवाद। अगर आपने शतक नहीं बनाया होता तो हम सबकी आंखें जल जातीं!' रूट के शतक के बाद ग्रेस ने उन्हें धन्यवाद करते हुए इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट किया था, 'हमारी आंखों को बचाने के लिए शुक्रिया।'

**हेडन ने जोफ्रा आर्चर पर साधा निशाना:** हाल ही में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद, मैथ्यू हेडन ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि आर्चर की गेंदबाजी में गति और आत्मविश्वास की कमी दिखी। खासकर तब, जब ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने उन पर कड़े शॉट लगाए। हेडन ने कहा, 'जब मैच कठिन था, तब आर्चर ने तेज गेंदबाजी नहीं की। उनकी बॉडी लैंग्वेज में विनम्रता कम और दिखावा ज्यादा था।'

**एशेज में अब तक क्या हुआ?**

एशेज का पहला टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड की धमाकेदार शतक की बदौलत आठ विकेट से अपने नाम किया था।

वहीं, दूसरे टेस्ट, जो कि एक डे नाइट टेस्ट था, उसे कंगारुओं ने फिर आठ विकेट से अपने नाम किया। इंग्लैंड की टीम फिलहाल जूझती दिख रही है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज में दबदबा बनाया है। अगला टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा।

# अश्विन ने सनी लियोन की फोटो की पोस्ट

**चेन्नई।** अश्विन का यह पोस्ट न सिर्फ मजेदार था, बल्कि इसने एक उभरते खिलाड़ी को स्पॉटलाइट में ला दिया। सोशल मीडिया पर क्रिकेट और मजाक का यह कॉम्बिनेशन फैंस को काफी पसंद आया।



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन एक बार फिर सोशल मीडिया पर छा गए। इस बार वजह बना उनका एक पोस्ट, जिसमें उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी की तस्वीर शेयर की। उनके इस पोस्ट ने फैंस को चौंका दिया और कुछ मिनटों में ही यह वायरल हो गया। पोस्ट में एक तरफ सनी लियोनी की तस्वीर थी और दूसरी तरफ चेन्नई की साधू स्ट्रीट की फोटो। पहले नजर में इसे समझना मुश्किल था, लेकिन कुछ फैंस ने तुरंत इसका अर्थ खोज निकाला।


**पोस्ट के पीछे असली क्रिकेट कनेक्शन**

असल में, अश्विन यह पोस्ट तमिलनाडु के युवा ऑलराउंडर सनी संधू को मजाकिया तरीके से शाउटआउट देने के लिए कर रहे थे। सनी संधू ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दमदार प्रदर्शन करते हुए सुर्खियां बटोरी थीं। सोमवार को सौराष्ट्र के खिलाफ मैच में संधू ने सिर्फ नौ गेंदों में 30 रन ठोक दिए और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनके इस प्रदर्शन के बाद, अश्विन ने मजाकिया अंदाज में उन्हें 'सनी' नाम को सनी लियोनी से जोड़कर दर्शाया।

**IPL मिनी ऑक्शन से पहले बढ़ी चर्चा**

सनी संधू अब आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन के लिए रजिस्टर हो चुके हैं और उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपये है। अश्विन के इस पोस्ट के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ऑक्शन से पहले उनकी चर्चा और बढ़ सकती है। आइए देखते हैं सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को लेकर क्या क्या चचाएं हुईं-





# पैपराजी की हरकत पर भड़के हार्दिक पांड्या माहिका की तस्वीर लेने पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या का यह बयान सिर्फ व्यक्तिगत प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि उन सभी सेलिब्रिटीज की भावना है जो अक्सर कैमरों की आड़ में प्राइवेसी और सम्मान खो देते हैं। हार्दिक ने सवाल खड़ा किया कि क्या खबरों की दौड़ में इंसानियत पीछे छूट रही है?

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने सोशल मीडिया पर एक कड़े संदेश के साथ पैपराजी पर सवाल उठाए हैं। वजह थी एक वीडियो, जिसमें उनकी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा की ऐसी एंगल से फोटो और वीडियो ली गईं, जिन्हें हार्दिक ने अनैतिक और अपमानजनक बताया।

हार्दिक ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा कि माहिका शर्मा मुंबई के बांद्रा स्थित एक रेस्टोरेंट से सिर्फ सीढ़ियां उतर रही थीं, तभी कुछ पैपराजी ने उन्हें ऐसे एंगल से शूट किया जिसका कोई भी महिला हकदार नहीं। हार्दिक ने इसे 'चीप सेन्सेनलिज्म' यानी सस्ती सनसनी फैलाने की कोशिश बताया। उन्होंने लिखा, 'मैं समझता हूं कि पब्लिक लाइफ में रहने से ध्यान और मीडिया फॉलो होना सामान्य है, लेकिन आज जो हुआ उसने सीमा पार कर दी। माहिका सिर्फ सीढ़ियां उतर रही थीं और उसे गलत एंगल से शूट किया गया। यह बिल्कुल गलत है।'

हार्दिक ने आगे कहा कि यह मामला किसी खबर या वायरल वीडियो का नहीं बल्कि सम्मान और मयार्दा का है। उन्होंने लिखा, 'इस दुनिया में हर किसी का सम्मान जरूरी है। महिलाएं सम्मान की हकदार हैं। आप लोग मेहनत करते हैं, मैं उसकी कद्र करता हूं, लेकिन हर चीज कैमरे में कैद करना जरूरी नहीं। थोड़ी इंसानियत रखिए।' हार्दिक फिलहाल कटक में भारतीय टीम के साथ हैं और आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 खेलते दिखेंगे। वह एशिया कप के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम से खेलते दिखेंगे।

## हार्दिक-माहिका का रिश्ता सुर्खियों में

हार्दिक पांड्या और 24 वर्षीय मॉडल और योगा ट्रेनर माहिका शर्मा का रिश्ता पिछले कुछ महीनों से चर्चा में है। अक्तूबर 2025 में हार्दिक ने इसे सार्वजनिक किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर कपल की तस्वीरें और वीडियो शेयर कर अपने रिश्ते की पुष्टि की। फैंस के बीच माहिका की पॉपुलैरिटी तेजी से बढ़ रही है। हालांकि, हाल ही में फैली उनकी सगाई की अफवाहों को माहिका ने हल्के-फुल्के अंदाज में खारिज किया और कहा, 'मैं बस रोज अच्छा ज्वेलरी पहनती हूं।'

# आईपीएल नीलामी में भारत के बाद इंग्लैंड से सबसे ज्यादा खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** 10 फ्रेंचाइजी के पास कुल 77 स्लॉट्स उपलब्ध हैं, जिनमें से 31 स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। इस बार कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे बड़ा पर्स है। पहले सेट में शामिल खिलाड़ियों की सूची में भारत और मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और सरफराज खान भी हैं, जिन्होंने अपना बेस प्राइस 75 लाख रुपये रखा है।



आईपीएल 2026 के लिए खिलाड़ियों की अंतिम लिस्ट जारी कर दी गई है। इस बार ऑक्शन 16 दिसंबर को अबूधाबी में भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे से (स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे- वअए समय) से शुरू होगा। कुल 1390 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 350 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। शॉर्टलिस्ट किए गए कुल 350 खिलाड़ियों में से 240 भारतीय खिलाड़ी और 110 विदेशी खिलाड़ी हैं। इनमें 224 अनकैप्ड भारतीय और 14 अनकैप्ड विदेशी क्रिकेटर शामिल हैं, जो बताता है कि इस बार ऑक्शन में नए टैलेंट की भरमार होगी।

## इंग्लैंड के 21 और ऑस्ट्रेलिया के 19 खिलाड़ी

कुल 21 इंग्लैंड के खिलाड़ी इस सूची में शामिल हैं, जिनमें विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ, तेज गेंदबाज गस एटकिंसन, लियाम लिविंगस्टोन और टेस्ट ओपनर बेन डकेट जैसे नाम शामिल हैं। इस ऑक्शन में सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करने वाले खिलाड़ियों में माने जा रहे कैमरन ग्रीन, ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े नाम हैं। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के अन्य 18 खिलाड़ियों में जोस इंग्लिस, मैथ्यू शॉर्ट, कूपर कोनोली और ब्यू वेबस्टर प्रमुख नाम हैं।



## द. अफ्रीका के 15 और वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी

दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर 15 खिलाड़ियों की सूची में हैं। इनके अलावा तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्जे, लुंगी एनगिडी, गेराल्ड कोएत्जी और ऑलराउंडर वियान मुल्डर भी शामिल हैं। वेस्टइंडीज की ओर से नीलामी में मौजूद नौ खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और शमार जोसेफ, साथ ही अकीम ऑगस्टे, शाई होप और रोस्टन चेज शामिल हैं।

## श्रीलंका के 12 और न्यूजीलैंड के 16 खिलाड़ी

श्रीलंका से कुल 12 खिलाड़ी इस नीलामी में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें स्पिनर वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेलालगे, महीश तीक्षणा और त्रावीन मैथ्यूज शामिल हैं।

इनके साथ बल्लेबाज पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस और कुसल परेरा भी सूची में हैं। न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र, जिन्हें सीएसके ने रिलीज किया था, 16 कीवी खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। अफगानिस्तान की ओर से रहमानुल्लाह गुरबाज और नवीन-उल-हक सहित कुल 10 खिलाड़ी इस नीलामी का हिस्सा होंगे। बांग्लादेश के भी सात खिलाड़ी इस लिस्ट में हैं। एसोसिएट देशों में आयरलैंड का एक खिलाड़ी नीलामी में होगा।

**आईपीएल 2026 नीलामी: देशवार खिलाड़ी सूची**

| देश | खिलाड़ियों की संख्या |
|---|---|
| भारत | 240 |
| इंग्लैंड | 21 |
| ऑस्ट्रेलिया | 19 |
| न्यूजीलैंड | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 15 |
| श्रीलंका | 12 |
| अफगानिस्तान | 10 |
| वेस्टइंडीज | 9 |
| बांग्लादेश | 7 |
| आयरलैंड | 1 |

## भारत के 240 खिलाड़ी

अब आपको भारत के 240 खिलाड़ियों की लिस्ट दिखा रहे हैं। ऑक्शन की शुरूआत कैप्ड खिलाड़ियों की कैटेगरी से होगी। इनमें पहले बल्लेबाज, फिर ऑल-राउंडर, फिर विकेटकीपर-बल्लेबाज, फिर तेज गेंदबाज और आखिर में स्पिनर आएंगे। इसके बाद अनकैप्ड खिलाड़ियों की बारी आएगी। 70वें नंबर के खिलाड़ी के बाद एक्सलरेटेड नीलामी शुरू होगी।

# प्रज्ञानंद ने FIDE सर्किट जीतकर 2026 कैंडिडेट्स में जगह पक्की की

**नई दिल्ली।** यह सफर अभी खत्म नहीं हुआ, लेकिन प्रज्ञानंद ने आधुनिक भारतीय शतरंज के इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा दिया है। कैंडिडेट्स में अच्छा प्रदर्शन कर वह गुकेश को विश्व चैंपियनशिप के चुनौती देना चाहेंगे।

भारतीय शतरंज के उभरते सितारे आर प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने [illegible] सर्किट 2025 जीतकर 2026 के कैंडिडेट्स टूनार्मेंट के लिए आधिकारिक रूप से क्वालीफाई कर लिया है। सोमवार, आठ दिसंबर को यह घोषणा हुई, जिससे भारत में शतरंज प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। यह उपलब्धि प्रज्ञानंद को भारत का शीर्ष परफॉर्मर और भविष्य का विश्व चैलेंजर बना रही है।

**रणनीति और जोखिम जिसने बदली तस्वीर**

19 वर्षीय प्रज्ञानंद ने यह जगह बेहद रोमांचक अंदाज में हासिल की। उन्होंने अंतिम समय में लंदन चेस क्लासिक ओपन में प्रवेश करने का फैसला किया और यही निर्णय निर्णायक साबित हुआ। इस कदम ने उन्हें [illegible] सर्किट में शीर्ष पर बनाए रखा और अब आगामी रैपिड और ब्लिट्ज इवेंट्स के परिणामों पर उनकी योग्यता निर्भर नहीं रही।

इस सर्किट में पहले ही अनीश गिरी, फेबियानो कारुआना, माथियास ब्लूबाउम और जावोखिम सिंदारोव जैसे दिग्गज खिलाड़ी कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई कर चुके थे। वहीं, नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने लंदन चेस क्लासिक एलीट में शानदार खेल दिखाते हुए 19.62 पॉइंट जुटाए और रिकॉर्ड स्तर का प्रदर्शन किया। इसके बावजूद प्रज्ञानंद की कुल बढ़त बरकरार रही।

**सफलताओं से भरी यात्रा**

प्रज्ञानंद की यह सफलता लगातार बड़े टूनार्मेंट जीतने के बाद आई है। उन्होंने टाटा स्टील चेस मास्टर्स जीता, फिर सुपरबेट चेस क्लासिक में धमाकेदार जीत दर्ज की और उसके बाद उज्बेकिस्तान में इंटरनेशनल चेस मास्टर्स टूनार्मेंट भी अपने नाम किया। यह उपलब्धि और भी खास इसलिए है क्योंकि 2024 FIDE चेस वर्ल्ड कप में वे शुरूआती दौर में बाहर हो गए थे, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए खुद को एक चैंपियन की तरह साबित किया।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में डेब्यू पर शतक लगाने वाले खिलाड़ी, 26 साल के अमित की लिस्ट में नई एंट्री

**हैदराबाद।** अमित पासी की यह डेब्यू पारी सिर्फ एक पारी नहीं बल्कि एक स्टेटमेंट है कि भारतीय घरेलू क्रिकेट में नया स्टार तैयार हो रहा है। अब देखना होगा कि आईपीएल नीलामी से पहले वह कुछ और ऐसी बड़ी पारी खेल पाते हैं या नहीं। इससे नीलामी में फ्रेंचाइजी उन पर बड़ा दांव खेल सकती हैं।

| खिलाड़ी | रन | टीम | खिलाफ | स्थान | साल |
|---|---|---|---|---|---|
| अक्षय रेड्डी | 105* | हैदराबाद | मुंबई | इंदौर | 2010 |
| शिवम भांबरी | 106 | चंडीगढ़ | हिमाचल | चंडीगढ़ | 2019 |
| अमित पासी | 114 | बड़ौदा | सर्विसेज | हैदराबाद | 2025 |

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में 26 साल के विकेटकीपर-बैटर अमित पासी ने अपने पहले ही मैच में इतिहास रच दिया। हैदराबाद के जिमखाना मैदान पर खेले गए मुकाबले में अमित पासी ने सर्विसेज के खिलाफ सिर्फ 55 गेंदों में 114 रन ठोक दिए, जिसमें 10 चौके और 9 छक्के शामिल थे। उनकी इस तूफानी पारी की बदौलत बड़ौदा टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 220 रन बनाए और मैच 13 रनों से जीत लिया।


## एक्सक्लूसिव क्लब में शामिल हुए अमित पासी

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इतिहास में डेब्यू मैच में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बेहद कम हैं। अब अमित पासी भी उन चुनिंदा बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। अमित से पहले सिर्फ दो ही बल्लेबाज हैं, जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में डेब्यू पर शतक लगाया था। अमित से पहले हैदराबाद से खेलने वाले अक्षय रेड्डी ने 2010 में ऐसा किया था। वहीं, दूसरे नंबर पर शिवम भांबरी हैं, जिन्होंने 2019 में चंडीगढ़ की टीम से इस टूर्नामेंट में डेब्यू करते हुए हिमाचल के खिलाफ 106 रन की पारी खेली थी। अमित पासी की पारी इस सूची में सबसे बड़ी और सबसे तेज शतकीय पारी बन गई है।



## बड़ौदा की जीत

220 के लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्विसेज टीम ने भी अच्छा संघर्ष किया। कुनवर पाठक और रवि चौहान ने 51-51 रन बनाकर मैच को रोमांचक बना दिया, लेकिन टीम अंत में 207/8 के स्कोर पर रुक गई। अमित पासी को इस मैच के बाद क्रिकेट जगत में खूब चर्चा मिल रही है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और शांति भरा विकेटकीपिंग एप्रोच उन्हें फ्रेंचाइजी और सेलेक्टर्स के रडार पर ले आया है। अगर उनकी ये परफॉर्मेंस जारी रही, तो आने वाले आईपीएल निलामी और भारतीय ए टीम में चयन पूरी तरह संभव लगता है।




# कांग्रेस जिला कार्यालय में मनाया गया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुराना बस अड्डा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना के नेतृत्व में कार्यकताओं ने केक काटकर एक दूसरे को जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही सोनिया गांधी की दीघार्यु की कामना की।

जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि करोड़ों कार्यकताओं कीङ्प्रेरणा स्त्रोत सोनिया गांधी के जन्मदिन को कार्यकताओं ने समर्पण दिवस के रूप में मनाया। कार्यकताओं ने कांग्रेस की नीति और राहुल गांधी के विचारों को जन-जनन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर गाजियाबाद कोऑर्डिनेटर राजकुमार पंडित, जयवीर सिंह, अश्वनी त्यागी सुरेंद्र



शर्मा बबलू, राजीव शर्मा, सुबोध शर्मा, विजय सिंह तोमर, सुरेंद्र कुमार शर्मा, आशुतोष गुप्ता, डोली त्यागी, सुनील चौधरी, उमेश शर्मा, सविता जैसवाल, रूबी मलिक, राजारंभारती, रियाज अहमद सैफी, इरफान, अनवर कुरैशी, आबिद अली, पंडित सुरेंद्र दौसा, मुकेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, उमेश शर्मा, उदयपाल सिंह, एसबी सिंह, हरिंदर सिंह बाबा, मुकेश शर्मा समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## थाना साइबर क्राइम की बड़ी कार्रवाई

# साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के आरोपी अमृतसर से गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना साइबर क्राइम ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए यस बैंक सिक्योरिटीज के नाम से कूटरचित व फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट बनाकर करोड़ों की साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के दो वांछित सदस्यों को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त लंबे समय से साइबर ठगी की घटनाओं में सक्रिय थे और विभिन्न राज्यों की पुलिस को उनकी तलाश थी। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण और लगातार सर्विलांस के आधार पर दोनों आरोपियों को दबोचते हुए उनके कब्जे से 2 मोबाइल फोन, 1 सिम कार्ड और 1 एटीएम कार्ड बरामद किया है, जिनका उपयोग साइबर अपराध में किया जा रहा था।

एसीपी क्राइम ने बताया है कि जांच में खुलासा हुआ कि गैंग ने फर्जी यस बैंक सिक्योरिटीज ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म तैयार कर निवेशकों को उच्च लाभ का



झांसा देकर मोटी रकम हड़प ली। अब तक की पड़ताल में 6 राज्यों में कुल 2.05 करोड़ रुपये की 15 साइबर ठगी घटनाओं का पदार्फाश हुआ है। पुलिस टीम ने लगातार कार्रवाई करते हुए 87.69 लाख रुपये की राशि रिकवर कर पीड़ितों को राहत दिलाई है। थाना साइबर क्राइम द्वारा की गई यह कार्रवाई साइबर वित्तीय अपराधों के विरुद्ध बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। पुलिस का कहना है कि गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है।

# नेशनल एबैकस चैंपियनशिप में त्रिमिक्षा मोहित ने जीता दूसरा स्थान

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वैभव खंड स्थित एचआरसी प्रोफेशनल सोसायटी की छात्रा त्रिमिक्षा मोहित ने हाल ही में आयोजित नेशनल एबैकस चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसे क्षेत्र का नाम रोशन किया।



त्रिमिक्षा ने इस प्रतियोगिता में तेज गणना, सटीकता और दृश्यात्मक सोच का शानदार मिश्रण दिखाया, जिससे जूरी ने उन्हें दूसरा स्थान दिया। इस से सोसायटी में खुशी जताते हुए कहा, ह्नत्रिमिक्षा की इस सफलता से हमें गर्व है; यह हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रभावशीलता को दशार्ता है। इस जीत के साथ, त्रिमिक्षा को प्रमाणपत्र, ट्रॉफी और अगले स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिला है। हम उनकी भविष्य की सफलताओं की कामना करते हैं।

# जालसाजों ने 4 प्रदेशों की 29 बैंकों में खुलवाए थे 250 से ज्यादा खाते, एसटीएफ ने 15 लाख से ज्यादा कराए फ्रीज

**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** फर्जी कंपनियों में फर्जी डायरेक्टर और कर्मचारी बनकर जाली आधार व पैन आदि कागजात से बैंकों से लोन के नाम पर 100 करोड़ से अधिक की धनराशि हड़पने वाले जालसाजों का नेटवर्क दिल्ली उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़ और गुरुग्राम तक फैला था।




आरोपितों ने अलग-अलग प्रदेशों की 29 सरकारी और प्राइवेट बैंकों में 250 से अधिक खाते खुलवाए थे। एसटीएफ ने चार दिसंबर को गिरोह का पदार्फाश कर आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया था। एसटीएफ ने सभी बैकों से खाते फ्रीज करने के लिए लेटर भेजा है। फिलहाल अभी 11 खातों की डिटेल मिली है, इनमें 15 लाख से अधिक रकम फ्रीज की गई है।

एसटीएफ ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम अंतर्गत शक्तिखंड निवासी आरोपित रामकुमार जो एचडीएफसी और एक्सिस बैंक में लोन एग्ज्यूकेटिव पद पर कार्यरत था समेत आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि जालसाज फर्जी कंपनियां, उनमें फर्जी डायरेक्टर और कर्मचारी बनाते हैं। इनके आधार व पैन आदि भी जाली बनाकर बैंक कर्मियों से सांठगांठ कर होम व प्रापर्टी लोन हड़प जाते हैं। गिरोह मृतकों के स्थान पर दूसरे लोगों को खड़ा कर और बिल्डरों से सांठगांठ कर भी बैंकों को लोन के नाम पर चूना लगाते थे। एसटीएफ की जांच में सामने आया कि आठ बिल्डरों से गिरोह की सांठगांठ थी। गिरफ्तार आरोपितों में से ताहिर, अशोक और समशाद 2015 से एक साथ कर रहे थे। बाकी आरोपित वासी और समशाद का रिश्तेदार हैं। नितिन नामक आरोपित अशोक का कर्मचारी है।

जांच में यह भी सामने आया कि दिल्ली निवासी मृतका रत्नावासुदेव के स्थान पर दूसरी महिला को खड़ा करने संपत्ति दूसरे के नाम कराने में ताहिर हुसैन, अनिल शर्मा और अशोक कुमार उर्फ रिंकी ने शाहिदा अहमद के दस्तावेज रत्ना वासुदेवा के नाम से तैयार किए थे। अमन शर्मा द्वारा शाहिदा के फर्जी फिंगर प्रिंट से आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवाकर फेडरल बैंक में खाता खुलवाया गया था।

जालसाजों ने एयरटेल पेमेंट्स बैंक, एयू स्माल फाइनेंस बैंक, एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, बैंक आफ महाराष्ट्र, केनरा बैंक, कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, सीबीएस बैंक लिमिटेड, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, इक्विटास स्माल फाइनेंस बैंक, फेडरल बैंक, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडसइंड बैंक लिमिटेड, जेएंडके बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आरबीएल बैंक लिमिटेड, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, स्टेट बैंक आफ इंडिया, यूको बैंक, उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक और यूनियन बैंक में करीब 250 से अधिक खाते खुलवाए थे।

# क्या थम गई स्कॉर्पियो वाली वार

## मुकदमा दर्ज होने के बाद जारी है जांच पर काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** बीते दिनों नदिया पार के खोड़ा थाने में भाजपा के ही नेता आमने-सामने आ गए थे। मामला हाईलाइट हुआ और बात मुकदमे तक पहुंच गई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद मामला अब जांच की प्रक्रिया में चल रहा है। तो उधर कालू यादव पक्ष का कहना है कि उनके बेटे पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है लेकिन अभीतक पुलिस कोई ऐसा साक्ष्य नहीं ढूंढ पाई है, जिससे कोई एक्शन लिया जाए। हालांकि मुकदमा दर्ज कराने वाले देवेंद्र गिरी अभी इस मामले को अपनी पार्टी के लोगों के बीच उठाने और बताने में लगे हुए हैं ताकि कोई परिणाम आ सके।

उधर कालू यादव का कहना है कि उनको पूर्वाग्रचित होकर उनके बेटे को मुकदमे में नामजद




किया गया है और उन्हें बदनाम किया जा रहा है। हालांकि इस मामले में खोड़ा पुलिस जांच की बात कर रही है और मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एसीपी इंदिरापुरम का कहना है कि जांच के बाद ही कोई एक्शन लिया जाएगा।

# नोएडा में दोस्तों की धमकी से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

**दादरी करंट क्राइम।** फैक्ट्री में साथ कार्य करने वाले दो दोस्तों की जान से मारने की धमकी से तंग आकर सोमवार को कोतवाली जारचा क्षेत्र के खंगोड़ा गांव में एक युवक ने छत के गार्डर से फंसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजन ने दो लोगों को नामजद करते हुए शिकायत दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।



पुलिस ने बताया कि महबूब निवासी खंगोड़ा परिवार के साथ रहता है। उनका 19 वर्षीय बेटा सुहैल हापुड़ के पिलखुवा के पास स्थित फैक्ट्री में नौकरी करता था। आरोप है कि फैक्ट्री सुपरवाइजर उसे किसी बात को लेकर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा था।

आरोप है कि सोमवार दोपहर साढ़े चार बजे सुपरवाइजर गांव में आया और खंगोड़ा निवासी युवक से मिला। आरोप है कि सुपरवाइजर ने युवक से कहा कि सुहैल से जाकर कह देना की उसे वह जान से मार देगा। धमकी देकर वह चला गया। गांव निवासी युवक ने यह बात सुहैल के घर जाकर उसके स्वजन को बताई। जिससे क्षुब्ध होकर शाम छह बजे के करीब सुहैल ने पशु बांधने के कमरे में छत पर लगे गार्डर पर रस्सी डालकर गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद मृतक की छोटी बहन शौच के लिए उधर गई तो सुहैल को छत पर लटका देखा। स्वजन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्वजन की शिकायत पर दो लोगों रामराज ऊर्फ पप्पू निवासी शौलाना जिला हापुड़ व राजकिशोर निवासी खंगोड़ा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## वायरल के साथ बढ़ रहा टाइफाइड, रोज मिल रहे आठ से दस मरीज

**हापुड़ करंट क्राइम।** बदलते मौसम में वायरल के साथ ही टाइफाइड के मरीज बढ़ रहे हैं। सीएचसी और जिला अस्पताल की ओपीडी में हर रोज आठ से दस मरीज आ रहे हैं। अब तक इनकी संख्या दो से तीन ही थी। राहत की बात यह है कि अब डेंगू का असर नहीं है। मौसम में हो रहे परिवर्तन से सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज अधिक मिल रहे हैं। सीएचसी और जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 800 से 900 मरीज आ रहे हैं। फिजिशयन डॉ. अशरफ अली ने बताया कि संक्रमित भोजन करने और दूषित पेय पदार्थ से टाइफाइड की समस्या हो रही है। ऐसे में स्वच्छता पर ध्यान देकर बचाव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि टाइफाइड एक जीवाणु संक्रमण है। यह सिर्फ एक अंग को नहीं बल्कि शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है।




# जल्द पुलिस को शुरु करना होगा अभियान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो कई अभियान चल रहे हैं पर जल्द ही मुख्यमंत्री के दिशा- निर्देश पर भी एक बड़ा अभियान शुरू किया जाना है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिस तरीके से लखनऊ में पुलिस इन दिनों कमिश्नरेट के अलग-अलग इलाकों में जाकर झुग्गी-झोपड़ी-बस्ती और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में अभियान चला रही है। तो गाड़ियों के नंबर से लेकर उनके वोटर और आधार कार्ड के नंबर नोट किया जा रहे हैं। कुल मिलाकर मकसद यह है कि यूपी पुलिस को रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के खिलाफ अभियान शुरू करना है। इसके लिए बाकायदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पत्र भी लिखा गया है इस पत्र के बाद अलग-अलग जगह अभियान शुरू हो गया है लेकिन अभी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ऐसी चर्चा और तैयारी नजर नहीं आ रही है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि इस अभियान के लिए ना सिर्फ खाकी वालों को उतारा जाएगा बल्कि खुफिया और गोपनीय रूप से काम करने वाले पुलिस के अधिकारियों को भी फील्ड पर चक्कर लगाने पड़ेंगे। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि वैसे तो कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई बार कागजी तैयारी की गई है। पहले कई बार छापेमारी हुई है, पर परिणाम देने के लिए इस बार लखनऊ वाला दबाव है। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के किस जोन में शुरूआत होती है और कहां पर सबसे ज्यादा एक्शन लिया जाता है। वैसे भी गाजियाबाद के कुछ भगवा नेता पहले इस मामले को उठा चुके हैं, तो एक हिंदूवादी नेता भी इस मामले में बेहद हाईलाइट हुए थे। अब देखना होगा कि जिस तरीके से मुख्यमंत्री की ओर से दिशा-निर्देश मिले हैं उसका पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस क्या एक्शन लेती है। वैसे बताया जा रहा है कि इस अभियान को शुरू करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल का इस्तेमाल करना होगा। तो सूत्र यह भी बता रहे हैं कि इसमें पीएसी का भी सहयोग लिया जा सकता है। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इस अभियान की शुरूआत कब होती है और सोशल मीडिया पर इसकी पोस्ट और फोटो आनी शुरू होगी। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही इसमें एक आईपीएस अधिकारी को लगाया जाएगा, जो प्रतिदिन अभियान को लेकर बयान और इसका पूरा प्लान बनाकर शुरूआत करेंगे।




# 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद की मेजबानी में 5 दिसंबर से 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनषिप खेली जा रही है। जिसमें उत्तर प्रदेश की कुल 44 टीमें हिस्सा ले रही है।

8 दिसंबर 2025 को खेले गए मैचों का परिणाम इस प्रकार हैं- बहराइच व इलाहाबाद विश्वविद्यालय : इलाहाबाद विश्वविद्यालय जीता। फरुर्खाबाद व गाजियाबाद : गाजियाबाद ने जीत दर्ज की। ट्रिपल टैक अकादमी व कासगंज : ट्रिपल टैक अकादमी ने जीत दर्ज की। आगरा व एटा : आगरा ने जीत दर्ज की। सीतापुर व वाराणसी : वाराणसी ने जीत दर्ज की। बागपत व गौतमबुद्धनगर : मैनपुरी ने जीत दर्ज की। मैनपुरी व बनारस हिंदु विश्वविद्यालय : मैनपुरी ने जीत दर्ज की। सहारनपुर व हाथरस : हाथरस ने जीत दर्ज की। गौरखपुर व अलीगढ़ : गोरखपुर 74- 63 से जीता। इलाहाबाद विश्वविद्यालय व गाजियाबाद : गाजियाबाद 79 - 50 से जीता। मेरठ व मथुरा : मेरठ 53 - 16 से जीता। ट्रिपल टैक अकादमी व आगरा : आगरा 61 - 58 से जीता। मैनपुरी व बागपत : बागपत 72 - 63 से जीता। वाराणसी व हाथरस : हाथरस 82 - 80 से जीता।

बास्केटबॉल प्रेमियों के बीच इन मुकाबलों को लेकर काफी उत्साह है। सभी की निगाहें मेजबान गाजियाबाद और इलाहाबाद के बीच होने वाले पहले क्वार्टर फाइनल पर टिकी हैं, जहां दोनों टीमें जीत के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करेंगी।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'निर्माण 2025' का आयोजन

## वियरेबल आर्किटेक्चर और काइनेटिक डिजाइन का अद्वितीय संगम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन द्वारा अभिनव डिजाइन प्रतियोगिता 'निर्माण 2025 - Wear the Craft, Feel the Motionl का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने परिसर को रचनात्मकता, कौशल और नवाचार की ऊर्जावान प्रस्तुति में बदल दिया, जहाँ वास्तुकला को केवल ड्राइंग तक सीमित नहीं बल्कि पहनने योग्य और गतिशील स्वरूप में प्रस्तुत किया गया। दिल्ली-एनसीआर, देहरादून और हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागियों ने दो प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक प्रो. (आर्क.) अंजलि कावत्रा द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इसके पश्चात माननीय कुलपति प्रो. डॉ. प्रसंजीत कुमार एवं डीन अकादमिक्स प्रो. डॉ. शन्मुघनाथन ने छात्रों को नवाचार, प्रयोगधर्मिता और डिजाइन की गहराई को समझने हेतु प्रेरित किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में प्रो चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव ने विजेताओं को सम्मानित किया और छात्रों के नवोन्मेषी प्रयासों की सराहना की। वहीं माननीय चांसलर महेंद्र अग्रवाल ने इस आयोजन को छात्रों के व्यावहारिक अनुभव और रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने वाला उत्कृष्ट मंच बताया।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक पिता के लिए खुशी का पल वह भी होता है जब उसका पुत्र और पुत्रवधू अपनी खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के एक पड़ाव को पूरा करते हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव के पुत्र मनु वशिष्ठ और पुत्रवधू एकता ने अपनी खुशहाल सफल वैवाहिक जीवन यात्रा के 13 वर्ष पूरे हर्ष के साथ पूरे किए और 14वें वर्ष में प्रवेश किया। खुशियों की इस पोस्ट के जरिए पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने पुत्र और पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया। उन्होंने अपनी इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। परिवार,प्यार और आशीर्वाद से परिपूर्ण यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# जापान में 7.5 तीव्रता के भूकंप में 33 लोग घायल, दो फुट ऊंची सुनामी की लहर आई

**टोक्यो।** उत्तरी जापान में सोमवार देर रात 7.5 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 23 लोग घायल हुए और तटीय इलाकों में दो फुट ऊंची सुनामी की लहर उठी। सरकार और एजेंसियां नुकसान का आकलन कर रही हैं। परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा जांच की जा रही है और प्रधानमंत्री ने आपात कार्यदल बनाकर राहत कार्य तेज करने का आदेश दिया।

उत्तरी जापान के समुद्र तट के पास सोमवार देर रात 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप में 33 लोग घायल हुए। इसके अलावा, प्रशांत तटवर्ती इलाकों में सुनामी की लहर आई। अधिकारियों ने बाद में और बड़े भूकंप के झटकों के जोखिम की चेतावनी दी। जापानी सरकार अभी सुनामी की लहर और देर रात आए भूकंप से हुए नुकसान का आकलन कर रही है। यह भूकंप रात करीब सवा



ग्यारह बजे प्रशांत महासागर में आया। भूकंप मुख्य होंशू द्वीप के उत्तरी हिस्से में आओमोरी तट से लगभग 80 किलोमीटर दूर समुद्र में आया।

हचिनोहे शहर में एक छोटी दुकान के मालिक नोबुओ यामाडा ने सार्वजनिक प्रसारक एनएचके से कहा, मैंने इतनी तेज कंपन कभी महसूस नहीं की। उन्होंने बताया कि खुशकिस्मती से उनके इलाके में बिजली की लाइन में कोई परेशानी नहीं आई।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया, इवाते प्रांत में और आओमोरी के ठीक दक्षिण में स्थित कुजी बंदरगाह में लगभग 70 सेंटीमीटर (2 फीट 4 इंच) ऊंची सुनामी की लहर दर्ज की गई। अन्य तटीय इलाकों में सुनामी की लहर का स्तर 50 सेंटीमीटर तक पहुंचा।

### 800 घरों में नहीं रही बिजली, शिंकानसेन में बुलेट ट्रेन रद्द

मुख्य कैबिनेट सचिव मिनो किहारा ने निवासियों से तब तक ऊंचे स्थल पर जाने या शरण लेने का आग्रह किया, जब तक एडवाइजरी समाप्त न हो। उन्होंने कहा कि लगभग 800 घरों में बिजली नहीं थी। शिंकानसेन बुलेट ट्रेन तथा कुछ स्थानीय रेल लाइनें क्षेत्र के कुछ हिस्सों में रद्द कर दी गई थीं।

### परमाणु ऊर्जा संयंत्र सुरक्षा जांच कर रहे अधिकारी

किहारा ने कहा कि क्षेत्र के परमाणु ऊर्जा संयंत्र सुरक्षा जांच कर रहे हैं। परमाणु विनियमन प्राधिकरण ने बताया कि आओमोरी के रोक्काशो ईंधन पुनः प्रसंस्करण संयंत्र के एक इस्तेमाल किए गए ईंधन को ठंडा करने वाले क्षेत्र से लगभग 450 लीटर (118 गैलन) पानी का रिसाव हुआ, लेकिन इसका स्तर सामान्य सीमा में था और कोई सुरक्षा चिंता की बात नहीं है।

### 480 निवासियों ने हचिनोहे एयर बेस में शरण ली: रक्षा मंत्री हचिनोहे

रक्षा मंत्री शिनजिरो कोइजुमी ने कहा, लगभग 480 निवासियों ने हचिनोहे एयर बेस में शरण ली है और सेना के 18 हेलिकॉप्टर नुकसान का आकलन करने के लिए तैनात किए गए हैं।

# इंडोनेशिया के जकार्ता में सात मंजिला ऑफिस बिल्डिंग में लगी भीषण आग, 20 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में एक सात मंजिला ऑफिस इमारत में मंगलवार को आग लग गई, जिससे कई लोगों की मौत हो गई। तेज लपटों और घने धुएं ने इमारत को पूरी तरह घेर लिया, जिससे मध्य जकार्ता के एक मोहल्ले के आसपास दहशत फैल गई।



इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के केमायोरन इलाके में मंगलवार दोपहर एक सात मंजिला ऑफिस बिल्डिंग में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आग पर काबू पा लिया गया है और इमारत के अंदर राहत व खोजबीन अभियान जारी है। इस जानकारी की पुष्टि सेंट्रल जकार्ता पुलिस प्रमुख सुसात्यो पुरनोमो कोंड्रो ने की।

### आग पहली मंजिल से ऊपर की मंजिलों तक फैल गई

कोंड्रो के अनुसार आग दोपहर के समय इमारत की पहली मंजिल पर लगी और धीरे-धीरे ऊपर की मंजिलों तक फैल गई। जिस समय आग लगी, कई कर्मचारी लंच कर रहे थे, जबकि कुछ ऑफिस से बाहर जा चुके थे।

### आग के कारणों की जांच जारी

जकार्ता डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के प्रमुख इस्नावा अदजी ने बताया कि आग के कारणों की जांच जारी है और नुकसान के आकलन पर काम हो रहा है। उनके मुताबिक आग कैसे लगी, यह अब भी जांच का विषय है। अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए 28 फायर ट्रक और 101 कर्मियों को तैनात किया था। मृतकों और घायलों को पहचान और इलाज के लिए पूर्वी जकार्ता के क्रामत जाति पुलिस हॉस्पिटल ले जाया गया। यह इमारत टेरा ड्रोन इंडोनेशिया का मुख्यालय है, जो खनन, कृषि समेत कई क्षेत्रों में ग्राहकों को हवाई सर्वे ड्रोन सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी है। अधिकारियों का कहना है कि राहत कार्य पूरा होने तक इमारत को पूरी तरह सील रखा जाएगा।

# अमेरिका से दोस्ती का फायदा! पाकिस्तान को फिर मिला 11 हजार करोड़ का कर्ज

**नई दिल्ली।** जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिफ मुनीर को व्हाइट हाउस में बुलाकर खाना खिलाया है, पाकिस्तान की किस्मत खुल गई है। संभवतः यह डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती का ही असर है कि लगभग दिवालिया होने की कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान को इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) से एक बार फिर 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 10,782 करोड़ रुपये) का कर्ज मिल गया है। इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को मोटा कर्ज उपलब्ध कराया था जिससे पाकिस्तान को मदद मिल गई थी।



इसके पहले पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज मिलने के बाद भारत ने विरोध जताया था और पड़ोसी देश का इतिहास देखते हुए इस बात की आशंका जताई थी कि पाकिस्तान इसका उपयोग अपने यहां आतंकवाद को बढ़ाने में करेगा।

आईएमएफ का कर्ज देने के पहले उसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी इसका मूल्यांकन करती है। अपने पैमाने पर खरा उतरने के बाद ही किसी देश को आईएमएफ से कर्ज मिल पाता है। लेकिन माना यही जाता है कि आईएमएफ की कार्यप्रणाली पर अमेरिका का भारी प्रभाव रहता है और उसकी सहमति मिलने के बाद कर्ज मिलना आसान हो जाता है। पाकिस्तान के मामले में यही हुआ माना जा रहा है। आईएमएफ ने सोमवार को पाकिस्तान के लिए यह फंड जारी करते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने देश में महंगाई को काबू करने में सफल रहा है। वह उन सुधारों की ओर कदम भी बढ़ा रहा है जिससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बेहतर किया जा सके। आईएमएफ ने इस बात पर संतोष जताया है कि पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में बाढ़ के बाद वहां महंगाई की दर बढ़ गई थी, इसके बाद भी पाकिस्तान अपने घाटे को एक सीमा में रखने में कामयाब हुआ है। पाकिस्तान को मदद की एक शर्त के तौर पर उसे अपने यहां आर्थिक सुधारों को लागू करना भी है।

# मरम्मत के बाद पहली उड़ान में ध्वस्त हुआ एएन-22, सात लोग थे सवार

**मॉस्को।** रूस के इवानोवो क्षेत्र में एंतोनोव एएन-22 सैन्य विमान मरम्मत के बाद अपनी पहली उड़ान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सात लोग सवार थे और हादसा निर्जन इलाके में हुआ। खोज दल मौके पर पहुंच चुका है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि जैसे ही विमान ने उड़ान भरी, कुछ ही समय बाद उसका नियंत्रण खो गया और वह निर्जन इलाके में जा गिरा। हादसे के बाद तुरंत खोज और बचाव दल को रवाना किया गया, ताकि क्रू के सदस्यों की स्थिति की जानकारी मिल सके। मंत्रालय के मुताबिक, यह उड़ान एक नियमित परीक्षण थी, जो मरम्मत के बाद हर सैन्य विमान के लिए जरूरी प्रक्रिया होती है।

रूसी एजेंसी TASS की रिपोर्ट के अनुसार, विमान के टुकड़े झील के किनारे और पानी में बिखरे मिले। यह संकेत देता है कि विमान तेज रफ्तार में नीचे आया और टकराते ही टूटकर कई



हिस्सों में बिखर गया। खोज दल अब इन टुकड़ों को इकट्ठा कर दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, अभी तक किसी आधिकारिक कारण की पुष्टि नहीं की गई है।

**भारी हथियार ढोने वाला विमान**

एएन-22 रूस के सबसे बड़े सैन्य परिवहन विमानों में से एक माना जाता है। यह विमान भारी हथियारों और बड़े सैन्य उपकरणों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए इस्तेमाल होता है। रूसी एयरोस्पेस फोर्सेज इसे अपने प्रमुख मालवाहक विमानों में गिनती हैं। इसकी मजबूत डिजाइन और लंबी दूरी तय करने की क्षमता इसे सैन्य अभियानों में बेहद उपयोगी बनाती है।

**विमान की क्षमताएं और लंबी उड़ान**

एएन-22 विमान की अधिकतम टेकऑफ क्षमता 225 टन है और यह 60 टन तक का पेलोड ले जा सकता है। रूसी टीवी चैनलों के अनुसार, यह विमान अगर करीब 40 टन का सामान लेकर उड़ान भरे तो यह 5000 किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी तय कर सकता है। इतनी बड़ी क्षमता वाला विमान रूस के कई सामरिक मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इसलिए इस हादसे ने रूसी सैन्य ढांचे को हिला दिया है।

**हादसे की जांच शुरू**

रक्षा मंत्रालय ने दुर्घटना की जांच शुरू करने का आदेश दे दिया है। प्रारंभिक जांच तकनीकी खराबी की ओर इशारा करती है, क्योंकि विमान मरम्मत के बाद पहली बार हवा में गया था। हालांकि, जांच दल यह भी देखेगा कि कहीं मानवीय त्रुटि, मौसम या मशीन की विफलता जैसी कोई और वजह तो नहीं रही। इस हादसे ने रूस के सैन्य विमान बेड़े की सुरक्षा पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

## फरवरी में होंगे बांग्लादेश में आम चुनाव; आयोग दो दिनों में जारी करेगा चुनावी शेड्यूल

**ढाका।** बांग्लादेश चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि अगले दो दिनों में आम चुनाव का शेड्यूल जारी किया जाएगा। फरवरी में 13वें आम चुनाव होंगे।

बांग्लादेश चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि फरवरी में होने वाले 13वें आम चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अगले दो दिनों में चुनाव कार्यक्रम जारी किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन जल्द ही राष्ट्र को संबोधित कर औपचारिक घोषणा करेंगे। चुनाव आयुक्त अब्दुर रहमानेल मसूद ने बताया कि राष्ट्रपति मोहम्मद शाहाबुद्दीन से बैठक के बाद शेड्यूल को अंतिम रूप दिया जाएगा। यह बैठक बुधवार को राष्ट्रपति भवन बंगाभवन में होनी है। इस बार राजनीतिक समीकरण खासतौर पर बदल गए हैं।

# 'रूस को एक इंच जमीन नहीं देंगे...', अमेरिकी दबाव के बावजूद पीछे हटने को तैयार नहीं जेलेंस्की

**रोम।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूरोप दौरे के दौरान दोहराया कि वह रूस को कोई जमीन नहीं देंगे। अमेरिका की ओर से डोनबास का हिस्सा सौंपने का दबाव बढ़ रहा है, लेकिन यूरोप जेलेंस्की का समर्थन कर रहा है।



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने साफ कहा है कि वह रूस को अपनी जमीन का एक इंच भी नहीं सौंपेंगे। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब वह यूरोप का लगातार दौरा कर समर्थन जुटा रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप लगातार दबाव बना रहे हैं कि यूक्रेन रूस से समझौता करे।

जेलेंस्की मंगलवार को रोम पहुंचे, जहां उन्होंने पोप लियो 14 से मुलाकात की और प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से बात करने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को वह लंदन गए, जहां ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मिले। उनका मकसद साफ है यूरोप का मजबूत समर्थन कायम रखना क्योंकि अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक कठिन समझौते का दबाव बढ़ा रहा है।

**अमेरिका का दबाव और यूक्रेन की आपत्ति:** अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों के बीच तीन दिन की बातचीत खत्म हुई, लेकिन कई मुद्दों पर मतभेद बरकरार हैं। मुख्य विवाद यह है कि अमेरिकी योजना में डोनबास क्षेत्र का एक हिस्सा रूस को देने का सुझाव है। ट्रंप ने रविवार को कहा कि जेलेंस्की ने अभी तक प्रस्ताव ध्यान से पढ़ा नहीं, जबकि ट्रंप लंबे समय से कह रहे हैं कि यह युद्ध अमेरिकी टैक्स के पैसे की बबार्दी है।

### जेलेंस्की का दो टूक रुख

जेलेंस्की ने सोमवार रात पत्रकारों से कहा कि ह्लहम कुछ भी देना नहीं चाहते। रूस लगातार दबाव डाल रहा है कि हम जमीन छोड़ दें, लेकिन कानूनन और नैतिक रूप से हमारे पास ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शांति योजना में पहले 28 बिंदु थे, लेकिन अब यह 20 रह गए हैं क्योंकि कुछ एंटी-यूक्रेनी बिंदु हटा दिए गए हैं।

### यूरोप यूक्रेन के साथ खड़ा

ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने जेलेंस्की का खुलकर साथ दिया है। स्टार्मर ने कहा कि यह शांति प्रयासों का ह्लनिर्णायक समयह्व है और किसी भी समझौते में ह्लन्यायपूर्ण और टिकाऊ संघर्षविरामह्व जरूरी है। जर्मन चांसलर मर्ज ने अमेरिकी दस्तावेजों पर संदेह जताते हुए कहा कि कई बिंदुओं पर चर्चा जरूरी है। यूरोपीय देश जोर दे रहे हैं कि किसी भी समझौते के साथ मजबूत सुरक्षा गारंटी हों ताकि रूस भविष्य में हमला न कर सके।

# चेक गणराज्य में फिर सत्ता में आए अरबपति आंद्रेज बाबिस, नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली

**प्राग।** चेक गणराज्य के अरबपति पॉपुलिस्ट नेता आंद्रेज बाबिस ने दोबारा प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। एएनओ पार्टी के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार यूक्रेन सहायता और एव नीतियों पर बदलाव ला सकती है।

चेक गणराज्य में राजनीति का बड़ा बदलाव हुआ है। अरबपति पॉपुलिस्ट नेता आंद्रेज बाबिस ने मंगलवार को देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह बाबिस की सत्ता में दूसरी पारी है, वे इससे पहले 2017 से 2021 तक भी प्रधानमंत्री रह चुके हैं। शपथ लेते समय बाबिस ने कहा कि वे देश के हितों की रक्षा दुनिया में कहीं भी करेंगे और चेक गणराज्य को धरती पर रहने के लिए सबसे बेहतर जगह बनाने के लिए पूरी कोशिश करेंगे। चेक राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने आम चुनावों में एएनओ मूवमेंट की बड़ी जीत के बाद आंद्रेज बाबिस को नई



सरकार बनाने का आमंत्रण दिया। बाबिस ने दो छोटे राजनीतिक दलों एंटी-इमिग्रेशन रुख वाली फ्रीडम एंड डायरेक्ट डेमोक्रेसी पार्टी और दक्षिणपंथी मोटरिस्ट्स फॉर देमसेल्व्स के साथ मिलकर बहुमत गठबंधन तैयार किया है। यह गठबंधन संसद के निचले सदन में 200 में से 108 सीटों के साथ मजबूत स्थिति में है।

नयी सरकार में कुल 16 मंत्री शामिल होंगे, जिनमें अठड के पास 8 मंत्रालयों के साथ प्रधानमंत्री का पद भी रहेगा, जबकि मोटरिस्ट्स फॉर देमसेल्व्स को 4 मंत्रालय और फ्रीडम समूह को 3 मंत्रालय मिलेंगे। यह नई राजनीतिक साझेदारी देश की नीतियों में बड़े बदलाव का संकेत मानी जा रही है।

### नीतियों में आएगा बड़ा बदलाव

विश्लेषकों का कहना है कि नई सरकार यूक्रेन को सहायता कम कर सकती है और हंगरी तथा स्लोवाकिया की तरह एव नीतियों पर कड़ा रुख अपना सकती है, खासकर पर्यावरण और प्रवास जैसे मुद्दों पर। इससे देश की विदेश नीति में बड़ा बदलाव संभव है।

### बाबिस पर भ्रष्टाचार का मामला लंबित

71 वर्षीय बाबिस अभी भी एव सब्सिडी घोटाले से जुड़े धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रहे हैं। कोर्ट में मामला आगे बढ़ाने के लिए नए संसद को उनकी सांसदीय प्रतिरक्षा हटानी पड़ सकती है।

# लिथुआनिया में राष्ट्रीय आपातकालः बेलारूस के गुब्बारों से सुरक्षा जोखिम

**विल्नियस (लिथुआनिया)।** लिथुआनिया ने बेलारूस से आने वाले मौसम संबंधी गुब्बारों द्वारा बार-बार एयरस्पेस उल्लंघन के बाद राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया। नाटो सदस्य देश ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए सेना को सीमा पर तैनात किया।

रूस समर्थित बेलारूस से लगातार आ रहे मौसम संबंधी गुब्बारों द्वारा एयरस्पेस उल्लंघन के बाद लिथुआनिया की सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया। पिछले कुछ हफ्तों में ये गुब्बारे देश के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को कई बार बंद करवाने की वजह बने, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए।

**'यह बेलारूस की हाइब्रिड अटैक रणनीति'**

लिथुआनिया की प्रधानमंत्री इंगा रुगिनिएने ने कहा कि गुब्बारों के जरिए हो रहा यह व्यवधान एक हाइब्रिड अटैक है, जिसका उद्देश्य देश में अस्थिरता फैलाना है। प्रधानमंत्री रुगिनिएने ने कहा हमें सबसे कड़े कदम उठाने होंगे और उन क्षेत्रों की रक्षा करनी होगी जहां यह हमला सबसे ज्यादा असर डाल रहा है। कैबिनेट की



इमरजेंसी बैठक के बाद यह घोषणा की गई। लिथुआनिया नाटो का सदस्य है और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का मुखर समर्थक भी रहा है।

**सीमा पर सेना की तैनाती, गुब्बारों पर निगरानी सख्त**

लिथुआनिया के गृह मंत्री व्लादिस्लाव कोंड्रोटोविच ने बताया कि राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने के बाद सीमा सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। अब सीमा क्षेत्रों में सेना और पुलिस संयुक्त गश्त करेंगी, ताकि एयरस्पेस का उल्लंघन करने वाले गुब्बारों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर सेना स्वतंत्र रूप से भी ऑपरेशन चला सकेगी, जिससे इन गुब्बारों की पहचान, निगरानी और रोकथाम तेजी से हो पाएगी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इन कदमों का आम नागरिकों के दैनिक जीवन पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा और सभी उपाय केवल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हैं।

**दो सीमा चौकियां पहले ही बंद की जा चुकी हैं:** गुब्बारों के एयरस्पेस में प्रवेश करने के बाद लिथुआनिया ने अक्तूबर में दो बॉर्डर क्रॉसिंग बंद कर दी थीं। इसके जवाब में बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने लिथुआनिया के कदम को पागलपन करार दिया और उल्टा आरोप लगाया कि लिथुआनिया खुद तस्करी रोकने में विफल है।

**NATO और यूरोपीय देशों में चिंता:** यूरोप पहले ही रूसी ड्रोन घुसपैठों से चिंतित है। नाटो और एव के देशों ने लिथुआनिया को समर्थन तो दिया है, लेकिन इन उच्च ऊंचाई वाले गुब्बारों को न्यूट्रलाइज करने का कोई समाधान अभी मौजूद नहीं।

### जानबूझकर अस्थिरता की कोशिश

अधिकारियों के अनुसार, ये गुब्बारे अक्सर सिगरेट की तस्करी में उपयोग होते हैं, लेकिन इस बार उनकी संख्या और उड़ान दिशा देखकर यह स्पष्ट है कि यह बेलारूस द्वारा योजनाबद्ध व्यवधान है। लिथुआनिया ने गुब्बारों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और खुफिया एजेंसियां इनकी उत्पत्ति और बेलारूस सरकार से संभावित संबंधों की जांच कर रही हैं। कोंड्रोटोविच ने कहा बेलारूस इन गुब्बारों को भेजने वालों को रोकने की कोई कोशिश नहीं कर रहा। यह हाइब्रिड अटैक का प्रमाण है।

### हवाई अड्डा 60 घंटे तक बंद, 51,000 यात्री प्रभावित

सरकार के अनुसार, अक्तूबर से अब तक विल्नियस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 60 घंटे से अधिक समय तक बंद रहा, जिसकी वजह से 350 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं और 51,000 से अधिक यात्रियों की यात्रा बाधित हुई। लिथुआनिया के सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति बताती है कि बेलारूस किसी भी समय लिथुआनिया की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा सकता है।

# ईवी को लेकर असमंजस बढ़ा, दुनिया भर में कार खरीदार दोबारा पेट्रोल-डीजल वाहनों की ओर लौट रहे हैं

**नई दिल्ली।** बदलती नीतियों और ईवी की अनिश्चितताओं की वजह से दुनिया भर में कार खरीदने वाले पेट्रोल और डीजल मॉडल की तरफ लौट रहे हैं। जिससे ग्लोबल ऑटोमोटिव डिमांड बदल रही है।



अर्न्स्ट एंड यंग (ए) की एक नई वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में कार खरीदार इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड मॉडलों से हटकर फिर से इंटरनल कम्बशन इंजन (क्छए) (आईसीई) यानी पेट्रोल-डीजल वाहनों को प्राथमिकता देने लगे हैं। यह बदलाव ऐसे समय में हो रहा है जब कई देशों की सरकारें अपने जलवायु लक्ष्यों पर पुनर्विचार कर रही हैं। और उपभोक्ता ईवी की लागत, व्यवहारिकता और भविष्य की विश्वसनीयता को लेकर अनिश्चित महसूस कर रहे हैं।

**नीतिगत बदलावों ने खरीदारों की सोच बदली:** पश्चिमी देशों में पिछले कुछ महीनों में कई नीतिगत पलटफेर हुए हैं, जिनका सीधा असर वाहन खरीदारी पर दिख रहा है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व प्रशासन द्वारा तय किए गए फ्यूल-इकोनॉमी मानकों को कम करने का प्रस्ताव दिया है। जिससे वाहन निमार्ताओं पर अनुपालन का दबाव घटेगा और पेट्रोल गाड़ियों को अधिक किफायती विकल्प के रूप में देखा जा सकेगा।

बढ़ती लागत, संभावित रोजगार हानि और सप्लाई-चेन की चुनौतियों ने नीति-निमार्ताओं को यह एहसास कराया है कि ईवी संक्रमण वैश्विक स्तर पर अनुमान से धीमी गति से हो रहा है। ए (ईवाई) के ग्लोबल मोबिलिटी हेड कॉन्सटैन्टिन एम. गाल ने कहा कि ये नीतिगत बदलाव इस बात का संकेत हैं कि सरकारें अब वैज्ञानिक तथ्यों पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं और मान रही हैं कि ईवी परिवर्तन ₹धीरे-धीरे₹ ही संभव है। उन्होंने यह भी बताया कि चीन में ईवी बिक्री बढ़ने के बावजूद खरीदार अब वाहन के तकनीकी फीचर और कनेक्टिविटी को ज्यादा महत्व दे रहे हैं, न कि केवल इंजन तकनीक को।

**ईवी को लेकर झिझक क्यों बढ़ रही है:** चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, ऊंची कीमतें और वैश्विक राजनीति ये तीनों कारक ईवी अपनाने की गति को धीमा कर रहे हैं।

कई देशों में चार्जिंग नेटवर्क पर्याप्त नहीं हैं, जिसके कारण उपभोक्ताओं को लंबी दूरी की यात्रा को लेकर संदेह रहता है। वहीं, ईवी मॉडलों की कीमतें अभी भी पारंपरिक कारों से अधिक हैं, और कई बाजारों में सरकारी सब्सिडी भी कम हो रही है। इसके अलावा, पश्चिमी देशों और चीन के बीच बढ़ते तनाव ने चीनी ईवी पर लगे शुल्कों को बढ़ा दिया है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# गाजियाबाद ने बनाया स्वच्छता का राष्ट्रीय कीर्तिमान

## एक घंटे में 15,156 लोगों ने मिलकर चलाया विशाल सफाई अभियान



## नगर निगम का नाम दर्ज हुआ इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में

## नगर आयुक्त बोले– 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में गाजियाबाद बनेगा नंबर वन'





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम ने स्वच्छता के इतिहास में ऐसा अध्याय जोड़ा है, जिसे पूरे देश ने सराहा। 25 सितंबर 2025 को आयोजित अभियान 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ - स्वच्छता ही सेवा है' ने शहर में जनभागीदारी का ऐसा दृश्य पैदा किया, जो पहले कभी नहीं देखा गया। सिर्फ एक घंटे (सुबह 8 से 9 बजे) के भीतर 15,156 प्रतिभागियों ने एक साथ सफाई अभियान चलाकर वह उपलब्धि हासिल की, जिसने गाजियाबाद नगर निगम को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में जगह दिला दी।

यह कीर्तिमान सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि उस जागरूकता और एकजुटता की मिसाल है, जब नागरिक, संस्थान, विद्यार्थी, सफाई मित्र और प्रशासन एक लक्ष्य के लिए साथ खड़े दिखे– गाजियाबाद को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए।



### अभियान का नेतृत्व और तैयारी

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त के निर्देश पर अभियान का नेतृत्व अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने किया। नगर निगम की टीम—सफाई मित्रों, विभागीय अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ—कई दिनों से जागरूकता और तैयारी में जुटी थी। अभियान का मकसद सिर्फ सफाई नहीं था, बल्कि संदेश देना था कि 'स्वच्छता तभी स्थायी होती है, जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे।'

### इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज उपलब्धि – टीम को सर्टिफिकेट और मेडल

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, सफाई मित्रों, स्वच्छ भारत मिशन टीम, साथ ही सहयोगी सामाजिक संगठनों को बधाई देते हुए सम्मानित किया। शहर के लिए यह पल गर्व का था—एक ऐसा सम्मान जो प्रशासन और जनता दोनों की संयुक्त मेहनत का परिणाम है।

### महापौर का संदेश– 'स्वच्छता कभी खत्म नहीं होती, यह निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है'



**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने उपलब्धि पर शहरवासियों और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह रिकॉर्ड बताता है कि जब नागरिक और प्रशासन साथ हों, तब कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उन्होंने कहा कि नगर निगम आगे भी ऐसे अभियानों से जनभागीदारी को और मजबूत करेगा और स्वच्छता व पर्यावरण की दिशा में निरंतर काम जारी रहेगा।

### अगला लक्ष्य– स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में नंबर 1

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने टीम को प्रेरित करते हुए स्पष्ट कहा: अब लक्ष्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में गाजियाबाद को नंबर वन बनाना है—और यह हम सब मिलकर जरूर करेंगे।

### कैसे बना रिकॉर्ड तीन मुख्य आधार

- 15,156 प्रतिभागियों की एक साथ स्वच्छता में ऐतिहासिक भागीदारी।
- नगर निगम की रणनीति, सोशल संस्थानों और शैक्षणिक संस्थानों का सहयोग।
- एक घंटे में शहर के सैकड़ों स्थानों पर सड़क, पार्क, सार्वजनिक क्षेत्रो की सफाई।

### अभियान में सक्रिय भूमिका

- सड़कें, पार्क, सार्वजनिक स्थल, सामुदायिक क्षेत्र साफ किए गए
- कई जगह विविध जागरूकता रैलियाँ और संवाद कार्यक्रम हुए
- स्कूल-कॉलेजों के छात्र, आरडब्ल्यूए, सामाजिक मंच और स्वयंसेवी संस्थान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**विशेष सहयोग**: साथी फाउंडेशन, एसबीएम टीम के आसिफ खान, और मौके पर उपस्थित रहे उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बर्थडे का नदिया पार में क्यों गूंज रहा है ये तराना? कहने वाले ने कहा कि जन्मदिन तो उनका है मगर निमंत्रण भेज रहे हैं पूर्व पार्षद कसाना? सुना है मोबाईल पर गया है लोगों को मैसेज और सार यही है कि जन्मदिन में तुम जरूर आना? कहने वाले ने कहा कि पार्षद जी ने कर दिया वास्तव में एक रिकार्ड कायम? सुना है बल्क में भेजे हैं जन्मदिन के निमंत्रण?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा के कौन से मंडल प्रधान खेल रहे हैं जिम्मेदारियों की डबल पारी? सुना है डागर साहब ने चुनी है यहां राजनीति और समाज सेवा की अलग-अलग डगर? वो दोनों जिम्मेदारियों को निभाते हैं पूरी शिद्दत से और नहीं करते हैं कभी कोई अगर या मगर? सुना है मंडल में भी वो प्रधान हैं और मौहल्ले में उनके पास आरडब्लूए प्रधान वाला खिताब है? कहने वाले ने कहा कि ये तो अपनी अपनी क्षमता है और डबल काम करना तो अपने आप में एक खिताब है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में कैबिनेट वालों ने दे दी कौन से मंडल के डिप्टी प्रधान को अच्छा काम करने पर बधाई? सुना है कैबिनेट वालों ने बृज वाले विहार के डिप्टी प्रधान चौधरी की जमकर की है प्रशंसा? कहा एसआईआर पर इन्होंने काम किया है बहुत ही अच्छा? मंडल के किसी डिप्टी प्रधान को मिली है कैबिनेट स्तर पर संभवत यह पहली बधाई? कुछ इस तरह दिया हैवीवेट वालों ने इनका जलवा दिखाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि**मंडल वाली पोलीटिक्स से बढ़कर त्यागी फैक्टर पहुंच गया है महानगर वाली टीम में? सुना है थीम में जिला पंचायत का चुनाव भी आ गया और मंडल वालों को महानगर की टीम में जाने का अंदाज भी आ गया? कहने वाले ने कहा कि नदिया पार के त्यागी जी ने कहा कि अगर इधर वाले त्यागी जी लड़ेंगे जिला पंचायत का चुनाव? तो फिर ये मानकर चलो कि महानगर की टीम में महामंत्री के लिए मेरा कन्फर्म हो जायेगा स्थान? कहने वाले ने कहा कि ये दोनों त्यागी बना तो रहे हैं प्लान? मगर क्या तीन बार के महामंत्री को ये गये हैं भूल? या फिर मान लिया है अब उड़ गई है जलवे वाली धूल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैडम एक्स पार्षद ने शराब के ठेके के विरोध में खोल दिया था बड़ा मोर्चा? सुना है यहां पूर्व वाले मैम्बर त्यागी का भी मिला था उन्हें पूरा सपोर्ट? कहने वाले ने कहा कि जब ये दोनों चले गये लखनऊ? तो शराब के ठेके का मामला पड़ गया है कूल? कहने वाले ने कहा कि क्या इन दोनों ने लखनऊ में नहीं किया कोई विरोध? नदिया पार में चल रही है चर्चा कि उन्हें देना चाहिए था बड़े स्तर पर ठेके के विरोध में पर्चा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब पोस्ट के बाद सियासत में चल रहा था कमेंट का सीन ज्यादा ही रोस्ट? खुल कर आ गये थे जब सारे खिलाड़ी तो युवा तोमर ने दबे छिपे शब्दों में क्यों पोस्ट डाली? वो अपनी पोस्ट से उड़ा रहे थे क्या सियासत की गिल्ली? क्या वो बता रहे थे किसी पहलवान को खिसयानी बिल्ली? कहने वाले ने कहा कि युवा तोमर को आना चाहिए था खुलकर मैदान में? दोनों हाथों में लड्डू लेने की इस अदा से नहीं चलेगा काम? उन्हें बताना चाहिए था कि वो किसे खंभा बता रहे हैं और किसे बिल्ली बता रहे हैं? उन्हें लिखना चाहिए था खुलकर नदिया पार वाली रेस्लर बिल्ली का नाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज जब कटेगा भगवा योद्धा के जन्मदिन का केक? कौन से चेहरे बनायेगें दूरी और कौन से चेहरे रहेंगे आगे आकर इन द फोटो फ्रेम? कहने वाले ने कहा कि जब से उम्मीदें फिर से जागी हैं टीम घोषित होने की? तब से अंगड़ाई लेने लगे हैं कईयों के अरमान? आज दिख जायेगा योद्धा के आवास पर उन सभी का चेहरा श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों के यहां महिला कांग्रेस की सरगर्मी आ गई है अब साईलेंट मोड पर? पहले तो पोस्ट से लेकर प्रेसनोट तक हो रहा था माहौल सियासी खुशनुमा? मगर अब उनकी रूचि है बार में और उन्हें लग रहा है कि कुछ नहीं रखा है कांग्रेस की बयार में? सुना है साथ में किसी ने लगाया था पूरा जोर? अब चड्ढा जी को भी कर दिया गया है इग्नोर? कहने वाले ने कहा कि संगठन के सूरमाओं को सोचना चाहिए कि इस तरह से कांग्रेस जायेगी किस ओर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फ्लावर वालों के किस पूर्व महामंत्री को अब ये होता है फील? उन्हें राजनीति से ज्यादा बिजनेस पर करना चाहिए था फोकस? सुना है उन्होंने अब व्यापार स्थल से हटा दिये हैं अपने कई चित्र? अब उनकी नेचर हो गई है बहुत ही विचित्र? अब वो नहीं लेते हैं सीएम से लेकर संगठन के बड़े पदाधिकारी आने पर भी कोई इन्टरेस्ट? सुना है उन्होंने कह दिया है कि पोलीटिक्स नहीं बिजनेस है मेरे लिए सबसे बेस्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पहलवान के विरोध में आकर जो चेहरे दिखा रहे हैं भगवा योद्धा के साथ फेसबुकिया घमासान? उन्हें लगने वाला है जोर का झटका धीरे से और वे हो जायेंगे हैरान? कहने वाले ने कहा कि लिस्ट के नाम हो चुके हैं फाईनल और नहीं आने वाला है इनमें से कई चेहरों का नाम? कहने वाले ने कहा कि नदिया के उस पार से लेकर लाईन के इस पार तक दिखने वाला है सीन ऑफ तकरार? किस किस को योद्धा भी एडजस्ट करायेंगे? क्योंकि एक ही तो अनार है और हो गये हैं यहां एक नहीं बल्कि पांच सौ बीमार?

**नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# दिल्ली में श्रीराम कथा के चौथे दिन श्रीराम सीता का विवाह संपन्न

## राम से बड़ा संसार में कोई नहीं, उनका नाम जपने मात्र से सब कष्ट दूर हो जाते हैं: राजीव नयन महाराज



## दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता का आयोजन समिति ने किया सम्मान





**दिल्ली, करंट क्राइम।** राजधानी दिल्ली के पर्यावरण कॉम्प्लेक्स सैनिक बस्ती दिल्ली में चल श्रीराम कथा के चौथे दिन श्री राम सीता का विवाह संपन्न हुआ। कथा वाचक राजीव नयन महाराज ने कहा राम से बड़ा संसार में कोई नहीं। उनका नाम जपने मात्र से सब कष्ट दूर हो जाते हैं। इस पावन दिन पर कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे, जिन्होंने भगवान राम के विवाहोत्सव को आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर दैनिक करंट क्राइम अखबार व डिजिटल के संपादक मनोज गुप्ता का आयोजन समिति ने सम्मान किया।

कथा वाचक पूज्य राजीव नयन महाराज ने सीता स्वयंवर का वर्णन करते हुए कहा माता सीता का विवाह उसी से होगा जो शिव धनुष उठाकर उसपर प्रत्यंचा चढ़ायेगा ऐसी शर्त थी, लेकिन कोई भी राजा धनुष को उठा नहीं पाया। तब निराश राजा जनक ने कहा कि धरा पर कोई वीर नहीं बचा, जिसपर लक्ष्मण जी नाराज हो गए जिन्हे राम ने शांत किया और गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से उन्होंने शिव धनुष (पिनाक) को उठाकर, प्रत्यंचा चढ़ाते ही उसे तोड़ दिया, शर्त को पूरा कर सीता से विवाह किया। धनुष टूटते ही देवताओं ने फूलों की वर्षा की, और राजा जनक ने सीता को राम के गले में वरमाला डालने के लिए कहा, जिससे उनका विवाह संपन्न हुआ। उन्होंने विस्तार से स्वयंवर से पहले पुष्प वाटिका में भगवान राम और माता सीता की संक्षिप्त मुलाकात का भी वर्णन किया।





कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पधारे दैनिक 'नवग्रह टाइम्स' के प्रधान संपादक प्रमोद शर्मा, 'एक्यूरेट एडवरटाइजिंग एजेंसी' एवं 'ब्रायो कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के सीईओ तथा 'नवग्रह टाइम्स' के प्रकाशक रोहित शर्मा, दैनिक करंट क्राइम अखबार व डिजिटल के संपादक मनोज गुप्ता और सीपी सेंचुरी हार्डवेयर कंपनी के निदेशक अनिल अग्रवाल ने भी कथा में शिरकत की।

सभी अतिथियों को परंपरागत शॉल और राम दरबार की मोतियों की मालाएं पहनाकर सम्मान किया गया।

सभी विशिष्ट अतिथियों ने पूज्यश्री राजीव नयन महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके श्रीमुख से प्रस्तुत राम विवाह के मंगलमय प्रसंग को श्रद्धापूर्वक सुना। आयोजन समिति की ओर से सरोज वर्मा व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# उत्साह और अनुशासन का संगम: 36वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## मुख्य अतिथि सुनील शर्मा ने बच्चों को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बेसिक शिक्षा विभाग, गाजियाबाद द्वारा आयोजित 36वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य आयोजन मंगलवार को श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज, लोहिया नगर, गाजियाबाद में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि सुनील शर्मा, कैबिनेट मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार ने किया उद्घाटन। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ. पी. यादव तथा संचालन पूनम शर्मा द्वारा प्रभावी रूप से किया गया। जनपद के पाँचों ब्लॉकों के बालक और बालिकाओं ने विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अद्भुत कौशल, अनुशासन और जोश का प्रदर्शन किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र, मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सुनील शर्मा ने कहा–बच्चे राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। खेल और संस्कृतिक गतिविधियाँ उनके जीवन में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सकारात्मक सोच का विकास करती हैं। ओ. पी. यादव ने कहा– गाजियाबाद की शैक्षिक और क्रीड़ा क्षमता अद्वितीय है। सतीश कुमार पांडे ने कहा यह प्रतियोगिता केवल खेल नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों, साहस और प्रयासों का उत्सव है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से– सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद सतीश कुमार पांडे, महानगर अध्यक्ष सेल्फ फाइनेंस प्रोग्रेसिव स्कूल मैनेजर्स एसोसिएशन गाजियाबाद नरेन्द्र कुमार बिल्लू, अनुज त्यागी, सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी विकास कुमार बघेल, जमुना प्रसाद (खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, मुरादनगर), इश्क लाल (खंड शिक्षा अधिकारी भोजपुर), सर्वेश कुमार (खंड शिक्षा अधिकारी लोनी), विश्वजीत राठी (खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र), डॉ. अभिषेक यादव (खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र), महिमा दयाल (खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक भोजपुर), कविता चौहान (खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक रजापुर), डॉ. राकेश कुमार (जिला समन्वयक समेकित शिक्षा), रुचि त्यागी (जिला समन्वयक टक्र), टिंकू कशल (जिला समन्वयक एमडीएम), विश्वास गौतम, कुणाल मुदगल, सिंपल चौधरी, अनुभव गुप्ता, विनीता त्यागी, देवाकुर, राजकुमार, प्रीति सिंह, नरेश कुमार, अशोक कुमार, इमरान आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# बच्चों को रखें मोबाइल से दूर

## खेल-कूद, पढ़ाई, सामाजिक गतिविधियों पर दें ध्यान : राधेश्याम त्यागी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के स्वर्ण जयंती पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में स्क्रीन के अत्यधिक उपयोग से बच्चों की पढ़ाई और सामाजिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



राधेश्याम त्यागी ने अभिभावकों और शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को खेल-कूद, पढ़ाई और सामाजिक गतिविधियों में अधिक समय देने के लिए प्रेरित करें। उनका मानना है कि मोबाइल से दूरी बनाकर ही बच्चे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। कमलेश नांगिया ने इस विचार का समर्थन करते हुए कहा कि संस्थान भी डिजिटल डिटॉक्स कार्यक्रमों को बढ़ावा देगा, ताकि बच्चों को संतुलित जीवनशैली अपनाने में मदद मिल सके।

# शहीद नगर वार्ड 34 की पार्षद खुर्शीदा कल्लन के प्रयास हुए सफल



### अप्सरा बॉर्डर पर बन रहे जोनल कार्यालय के निर्माण कार्य का किया गया निरीक्षण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वार्ड 34 के निगम पार्षद खुर्शीदा कल्लन के सक्रिय प्रयासों से अप्सरा बॉर्डर पर बन रहे जोनल कार्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर एई गणेशीलाल, जेई संजय गंगवार, हाजी मोहम्मद कल्लन और मोहम्मद अजीम मंसूरी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और समयसीमा पर चर्चा हुई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। पार्षद कल्लन ने बताया कि इस आधुनिक जोनल कार्यालय के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सरकारी सेवाएँ मिलेंगी और मौजूदा जर्जर इफ़्रास्ट्र की समस्याएँ दूर होंगी।

## चिन्टू जी — ओह! मेरा हैप्पी बर्थडे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।